दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 17 नवंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 245 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

■ न्यूज गैलरी

उत्तराखंड में भूकंप के झटके

देहरादून(वार्ता)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3 1 मापी गयी है। भूकंप के झटके लगते ही लोगों में अफरातफरी मच गई और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। उत्तरकाशी जिला आपदा प्रबंधन अभिकरण के प्रभारी डीएस पटवाल ने बताया कि भूकंप के झटके बुधवार देर रात 02:02:10 बजे महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र 31 04 उत्तरी अक्षांशः एवं 78.23 पूर्वी देशांतर पर सतह से पांच किलोमीटर की गहराई पर तहसील मोरी अन्तर्गत सांकरी के सिंगतुर रेंज वन क्षेत्र में स्थित था। भूकंप से अभी तक किसी जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है।

सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

भिण्ड(वार्ता)। मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले में कार और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मालनपुर थाना क्षेत्र के गुरीखा चौराहे नेशनल हाईवे पर कल एक कार चालक ने दो मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में एक मोटरसाइकिल पर सवार पति-पत्नी श्वेता और राहुल गुप्ता की मौत हो गयी। दूसरे मोटरसाइकिल पर सवार श्यामू नामक एक व्यक्ति की मौत हो गयी। एक अन्य व्यक्ति भी इस घटना में घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चीन में कोयला खदान में आग लगने से 11 की मौत

ताइयुआन(वार्ता)। उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत के ल्यूलियांग शहर में एक कोयला खदान कंपनी की इमारत में गुरुवार सुबह आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई। नगरपालिका आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण ने यह जानकारी दी है। प्राधिकरण ने बताया कि आग ल्यूलियांग के लिशी जिले में लगी है। अधिकारियों के मुताबिक बचाव कार्य जारी हैं।

इंडोनेशिया में भूकंप के झटके

जकार्ता(वार्ता)। इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी बीएमकेजी ने कहा कि जकार्ता समयानुसार सुबह 6:26 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 9 मापी गयी। एजेंसी ने कहा कि भूकंप का केंद्र प्रांतीय राजधानी मानदो से 96 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में समुद्र तल पर 300 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप के झटके निकटवर्ती उत्तरी मालुकु प्रांत में भी महसूस किए गए। एजेंसी के अधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की।

जम्मू-कश्मीर : सुरनकोट में मंदिर के पास रहस्यमय विस्फोट

जम्मू(वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले के सुरनकोट बेल्ट में बुधवार शाम एक रहस्यमय विस्फोट होने से दहशत फैल गई। सुरनकोट के थाना प्रभारी राजेश थप्पा ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, शाम को शिव मंदिर के पास एक रहस्यमय विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा, विस्फोट में किसी के घायल होने या हताहत होने की सूचना नहीं है। मामले की जांच की जा रही है और एफएसएल टीम को भी मौके पर भेजा गया है।

इटावा मे वैशाली एक्सप्रेस में लगी आग

इटावा(वार्ता)।उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र में दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर दिल्ली से बिहार के सहरसा जंक्शन जा रही 12554 वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच में गुरुवार को लगी आग।19 यात्री घायल, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

भारत का जांच से इंकार नहीं...पहले सबूत तो दो : जयशंकर

लंदन(ए)। कनाडा में एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या के संदर्भ में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत किसी जांच से इनकार नहीं कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या में भारत सरकार के एजेंट की संलिप्तता के कनाडा के आरोपों पर उसे सबूत मुहैया कराने को कहा। जयशंकर ने यहां अनुभवी पत्रकार लियोनेल बार्बर के साथ 'एक अरब लोग दुनिया को कैसे देखते हैं' शीर्षक के साथ आयोजित कार्यक्रम में सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की। ब्रिटेन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आए जयशंकर ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, ''अगर आपके पास ऐसा आरोप लगाने का कोई कारण है तो कृपया सबूत साझा करें क्योंकि हम जांच से इनकार नहीं कर रहे हैं...।''

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कनाडा ने अपने आरोप के समर्थन में भारत के साथ कोई सबूत साझा नहीं किया है। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की ''संभावित'' संलिप्तता के संबंध में सितंबर में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के संबंध तनावपूर्ण हो गए। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को ''बेतुका'' और ''बेबुनियाद'' बताकर खारिज कर दिया। जयशंकर ने कनाडा में खालिस्तान समर्थक गतिविधियों का जिक्र करते हुए कहा कि भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक निश्चित जिम्मेदारी के साथ आती है और उन स्वतंत्रताओं का दुरुपयोग तथा राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उस दुरुपयोग को बर्दाश्त करना बहुत गलत होगा। उन्होंने कनाडा में भारतीय उच्चायोग पर हमले या उच्चायोग और महावाणिज्य दूतावास पर बम हमलों का जिक्र किया और कहा कि भारतीय राजनयिकों को सार्वजनिक रूप से डराया गया था जबकि कनाडाई अधिकारियों ने दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री ट्रूडो ने रेखांकित किया कि कनाडा भारत के साथ अभी कोई ''लड़ाई'' नहीं चाहता था, लेकिन उन्होंने अपने आरोपों को दोहराया और कहा कि ओटावा इस ''बहुत गंभीर मामले'' पर नयी दिल्ली के साथ ''रचनात्मक रूप से काम'' करना चाहता है।

केंद्र सरकार को मणिपुर से मिला अल्टीमेटम

इम्फाल(ए.)। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, मणिपुर में कुकी-जो जनजातियों के एक अग्रणी संगठन ने दावा किया है कि वे अपने प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में एक स्वशासित अलग प्रशासन÷ स्थापित करने के लिए तैयार हैं, चाहे केंद्र इसे मान्यता दे या न दे। मणिपुर में कुकी-जो जनजातियों के संगठन, 'इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम' ने बुधवार को उन क्षेत्रों में पृथक स्व-शासित प्रशासन स्थापित करने की धमकी दी, जहां ये आदिवासी बहुमत में हैं। संगठन ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में छह महीने से अधिक समय से जारी जातीय संघर्ष के बाद भी केंद्र सरकार ने अब तक पृथक प्रशासन की उनकी मांग को स्वीकार नहीं किया है। आईटीएलएफ के महासचिव मुआन टोम्बिंग ने कहा, अगर कुछ हफ्ते में हमारी मांग नहीं मानी गई तो हम अपने स्वशासन की स्थापना कर लेंगे, चाहे केंद्र इसे मान्यता दे या नहीं दे। उनकी टिप्पणी उस दिन आई है जब संगठन ने चूराचांदपुर में आदिवासियों की हत्या की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया था। आईटीएलएफके प्रवक्ता गिन्ज़ा वुएलज़ोंग ने कहा, जातीय संघर्ष के दौरान कई कुकी-ज़ो आदिवासी मारे गए हैं लेकिन कोई सी भी केंद्रीय जांच एजेंसी इन मामलों की जांच नहीं कर रही है। यह रैली कुकी-ज़ो लोगों पर हुए अत्याचार के विरोध में है।

संगठन के एक सदस्य ने कहा कि रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने आदिवासियों के लिए न्याय की मांग करते हुए नारे लगाए और आदिवासियों की हत्या की त्वरित जांच शुरू करने में राज्य सरकार और अन्य जांच एजेंसियों की ÷विफलता÷ की निंदा की। राज्य की राजधानी इंफाल में स्थानीय लोगों ने राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने में मणिपुर सरकार की कथित असमर्थता के विरोध में प्रदर्शन किया। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल थे। उन्होंने गांवों में बंदूकधारियों द्वारा हमले करने की छिटपुट घटनाओं का भी विरोध किया, जिससे हजारों लोग अपने घरों को लौट नहीं पा रहे हैं। इंफाल पश्चिम जिले के कीसंपत, उरीपोक और सिंगजामेई इलाकों में भी विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने म्यांमा से बड़े पैमाने पर अवैध प्रवासियों के प्रवेश को रोकने के लिए नारे लगाए और राज्य से उनके निर्वासन की मांग की। निंगोल चाकौबा उत्सव के अवसर को लेकर बुधवार को इंफाल घाटी के पांच जिलों में प्रमुख बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। मणिपुर में मई में शुरू हुए जातीय संघर्ष में 180 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

मप्र में 230 सीटों के लिए मतदान आज

भोपाल। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों पर 17 नवंबर यानी कल चुनाव होने वाला है। यहां चुनाव के लिए 230 विधानसभा सीटों और मतदान केंद्रों को चार अलग-अलग ग्रुपों में बांटा गया है। यहां ग्रुप ए, बी, सी और डी के लिए अलग-अलग समय तय किया गया है। इसके अनुसार, ग्रुप ए वाले सीटों पर सुबह 8 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक वोटिंग होगी। वहीं ग्रुप बी पर सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इसी तरह ग्रुप सी के लिए सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग होगी। इसके अलावा ग्रुप डी के लिए सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक वोटिंग की जाएगी।

कुल मिलाकर 230 सीटों के लिए वोटिंग एक ही दिन होगी। हालांकि इसके समय में कुछ परिवर्तन है। बता दें कि मध्य प्रदेश चुनाव का रिजल्ट 3 दिसंबर को जारी किया जाएगा। इस राज्य में बीजेपी और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है। बता दें कि चुनाव आयोग ने भोपाल में वोटिंग के लिए अलग से प्लान बनाया था। दरअसल, भोपाल में 7 विधानसभा सीटे हैं। इसलिए यहां दो हजार 34 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 1,100 पोलिंग बूथों को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इन बूथों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, भोपाल विधानसभा में बैरसिया, भोपाल उत्तर, नरेला, भोपाल मध्य, गोविंदपुरा, हुजूर और भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधान सभा सीटें शामिल हैं।

प्रियंका गांधी ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को बताया गद्दार

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को मतदान होगा। चुनाव से पहले दतिया विधानसभा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने ज्योतिरादित्य सिंधिया पर जमकर निशाना साधा। प्रियंका ने सिंधिया को गद्दार बताया।

प्रियंका गांधी ने कहा, क्या आप सिंधिया जी को जानते हैं? हमने उत्तर प्रदेश में एक साथ काम किया। हम यूपी के लोग अपनी शिकायत या गुस्सा व्यक्त कर देते हैं। हम सब कुछ बाहर निकाल देते हैं। हमें महाराज बोलने की आदत नहीं है।÷ कांग्रेस नेता ने तंज कसते हुए कहा कि क्या है कि वो कद में थोड़े छोटे पड़ गए लेकिन अहंकार में तो भई, वाह भई वाह। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता उनसे कहते थे कि उन्हें अपना काम कराने के लिए सिंधिया को महाराज बोलना पड़ता है और यह

कार्यकर्ताओं की आदत नहीं है।

प्रियंका ने सिंधिया का जिक्र करते हुए आगे कहा, एक बात है, मोदी जी लोगों को पहचानने में माहिर हैं। उन्होंने दुनिया भर से गद्दारों और कायरों को इकट्ठा किया और उन्हें अपनी पार्टी में ले लिया। प्रियंका ने कहा कि उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं पर दया आती है जिन्होंने संगठन के लिए कड़ी मेहनत की।

प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मार्च 2020 में कांग्रेस छोड़ दी थी और भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो

सिंधिया ने अपने परिवार की परंपरा अच्छे से निभाई

कांग्रेस महासचिव ने ज्योतिरादित्य सिंधिया पर कटाक्ष करते हुए कहा, उन्होंने अपने परिवार की परंपरा अच्छे से निभाई है। विश्वासघात तो बहुतों ने किया है लेकिन इन्होंने ग्वालियर और चंबल की जनता के साथ विश्वासघात किया है। आपकी पीठ में छुरा घोंपा है। बनी-बनाई सरकार को गिरा दिया और वो सरकार आपकी थी, आपने वोट दिया था उसके लिए।

गए थे। उसके बाद मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार गिर गई। इस संदर्भ में प्रियंका ने उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर इस बात के तंज किया कि वह हमेशा इस बात की शिकायत करते रहते हैं कि विपक्षी नेता उन्हें कैसे-कैसे नाम से बुलाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी इस बात को दोहराते रहते हैं कि उन्होंने मुझे इतनी गालियां दीं। क्या आपने सलमान खान की फिल्म 'तेरे नाम' देखी है जिसमें वह शुरू से आखिर तक रोते रहे थे? प्रियंका ने चुटकी लेते हुए कहा, मैं कहती हूं, आइए मोदी जी पर भी इसी नाम से एक फिल्म बनाएं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए प्रियंका गांधी ने उन्हें विश्व प्रसिद्ध अभिनेता करार दिया और कहा कि वह बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को मात दे सकते हैं। लेकिन जब भी कोई काम के बारे में बात करता है तो वह असरानी (कॉमेडियन) की तरह व्यवहार करने लगते हैं। कांग्रेस महासचिव ने दतिया से भाजपा प्रत्याशी और प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पूरे दिन फिल्में देखते हैं कि किसने क्या पहना है?

सिंधिया का प्रियंका पर पलटवार

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के चुनाव प्रचार के आखिरी समय में आरोप-प्रत्यारोप हावी रहे। दतिया की एक सभा में प्रियंका गांधी ने ज्योतिरादित्य सिंधिया पर निशाना साधा था। अब सिंधिया ने प्रियंका पर पलटवार करते हुए हमला बोला है। सिंधिया ने प्रियंका को पार्ट टाइम नेत्री बताते हुए आईने में झांक लेने की सलाह दी है।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स (ट्विटर) पर अपनी बात रखी। उन्होंने कई पॉइंट में जवाब दिया है।

उन्होंने लिखा कि प्रियंका गांधी जी पार्ट-टाइम नेत्री हैं तो इन दो परंपराओं के फर्क को समझने की उनमें क्षमता हो, इसकी आशा मैं नहीं करता - किस परिवार के सपूतों ने अफगानों से लेकर मुगलों और अंग्रेजों तक से भारत माता की रक्षा के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी थी, और किसने चीन

से भारत की रक्षा करना तो दूर, उन्हें भारतीय जमीन ही भेंट के रूप में दे दी थी? किस परिवार की दूसरी पीढ़ी ने सत्ता के लोभ में इमरजेंसी लगाई थी? और आज भी किस परिवार की वर्तमान पीढ़ी स्वयं विदेशी मंचों पर जाकर देश को बदनाम कर रही है?

पार्ट-टाइम नेत्री को आईने में झांकने की जरूरत

सिंधिया ने लिखा कि काबिलियत को कद से तोलने वाले अहंकार का पाठ पढ़ाने से पहले, कृपया स्वयं आईने में झांक लें।

भ्रष्टाचारियों और वादाखिलाफियों के शासन को बार-बार सिंधिया परिवार ने बदला है, और पुनः आपका सूपड़ा साफ मध्यप्रदेश से जनता करने जा रही है। अपने भाषण के दौरान ग्वालियर चंबल को ÷ग्वालियर चंबा कहने वालीं प्रियंका गांधी जी को मेरे परिवार पर आक्रमण करने के लिए भी एक पर्चे पर लिखी लाइनों की आवश्यकता पड़ी। उनकी सोच और ग्वालियर चंबल को लेकर समझ कितनी है, इसका अंदाज़ा भी लग गया।

ग्वालियर-चंबल की मेरी जनता से अनुरोध है कि इस अपमान और निम्न स्तर के भाषण का उत्तर ज़रूर 17 नवंबर को अपना मतदान करके दें, और कांग्रेस पार्टी को सबक़ सिखाएं।

एनएससी ने गाजा में मानवीय आधार पर युद्ध रोकने की मांग के प्रस्ताव को मंजूरी दी

नई दिल्ली(ए.)। इंटरनेशनल डेस्कः संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा में इजराइल के जमीनी और हवाई हमलों के बीच फलस्तीन के आम नागरिकों की बढ़ती मुश्किलों को कम करने के लिए ''तत्काल तथा विस्तारित मानवीय संघर्ष विराम'' की मांग वाला एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इजराइल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से संयुक्त राष्ट्र द्वारा पास किया गया यह पहला प्रस्ताव है।हालांकि इजराइल ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।

अमेरिका, ब्रिटेन ने मतदान से बनाई दूरी

पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद में इस प्रस्ताव के पक्ष में 12 वोट पड़े। अमेरिका, ब्रिटेन और रूस ने मतदान से दूरी बनाए रखी। प्रस्ताव में मानवीय संघर्ष विराम और ''हमास तथा अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई'' की मांग संबंधी भाषा को नरम रखा गया है। हालांकि माल्टा द्वारा प्रायोजित प्रस्ताव उन गंभीर मतभेद को दूर करने में कामयाब रहा जिनके कारण परिषद पिछले चार प्रस्तावों को अंगीकार नहीं कर सका था। संयुक्त राष्ट्र में माल्टा की राजदूत वैनेसा फ्रैज़ियर ने कहा, ''आज हमने एक महत्वपूर्ण पहला कदम हासिल किया है। हम सशस्त्र संघर्षों में नागरिकों की सुरक्षा और बच्चों की पीड़ा को दूर करने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम रहेंगे।''

इजराइल ने गाजा के बड़े अस्पताल पर धावा बोला

इजरायली बलों ने बुधवार को गाजा के सबसे बड़े अस्पताल पर धावा बोल दिया जहां नवजात शिशुओं सहित सैकड़ों रोगी फंसे हुए हैं। इजराइल शिफा अस्पताल को युद्ध के दौरान प्रमुख निशाने के तौर पर देखता है। इस जंग में हजारों फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और गाजा में भारी तबाही हुई है। हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजराइल पर अचानक हमला करने और करीब 1200 लोगों की हत्या करने के बाद इजराइल के साथ उसकी जंग शुरू हो गई। इजराइल का कहना है कि शिफा अस्पताल हमास के नियंत्रण वाला स्थान है।

भाजपा ने चुनावी घोषणापत्र जारी किया

जयपुर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने गुरुवार को राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया, जिसमें पार्टी ने बालिकाओं के लिए बचत बांड, मेधावी बालिकाओं को मुफ्त स्कूटी, भ्रष्टाचार के मामलों की एसआईटी जांच और महिलाओं के लिए हर जिले में महिला थाना का वादा किया गया है।

भाजपा का संकल्प पत्र

1. हर एक जिले में महिला थाना खोला जाएगा और हर थाने में महिला डेस्क होगी। हर सिटी में Anti Romeo Squad बनाया जाएगा।
2. एक compensation policy बनेगी, जिसमें जिन किसानों की भूमि कुर्क की गई है, उनको हम कैसे कंपनसेट कर सकते हैं और मुख्यधारा में ला सकते हैं, इस पर काम किया जाएगा।
3. महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 'लाडो प्रोत्साहन योजना' शुरू की जाएगी।नवजात बच्चियों को 2 लाख का सेविंग बांड देगी। ,जिसमे 6वी क्लास में पहुंचेगी तो 6000 डाले जायेंगे ,9वी क्लास में जाने पर 8000 रूपये ,10वी क्लास में 10000 रूपये डाले जायेंगे ,11वी क्लास में 12000 ,12 में जाने पर 14000 डाले जायेंगे ,21 साल के होने पार 1 लाख रूपये डाले जायेंगे।
4. मातृत्व वंदना योजना के तहत महिलाओं को दिए जा रहे 5,000 रुपये को बढ़ाकर 8,000 किया जाएगा।
5.उज्ज्वला धारक को 450 प्रति सिलेंडर सब्सिडी देंगे।
6.गेंहू की उपज को प्रति क्विंटल 2,700 रुपये में खरीदा जाएगा और ये एमएसपी के ऊपर बोनस दिया जाएगा।
7.मुख्यमंत्री फ्री स्कूटी योजना के अंतर्गत, 12वीं पास करने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी देंगे।
8. पीएम किसान सम्मान निधि की राशि को बढ़ाकर 12000 रुपये प्रति वर्ष करेंगे
9. IIT की तर्ज पर राजस्था इंस्टीटूट ऑफ़टेक्नोलॉजी व एम्स की तर्ज पर रिम्स स्थापित करेंगे।
10. प्रदेश के युवाओ को अगले पांच वर्षो में 2.5 लाख सरकारी नौकरिया दी जाएगी।
11. प्रदेश में 15000 डॉक्टर व 20000 नए पेरामेडिकल स्टाफकी नियुक्ति की जाएगी।
12 मानगढ़ धाम को भव्य ट्राइबल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जायेगा
13. प्रदेश के सभी गरीब परिवारों की छात्राओं को केजी से लेकर पीजी तक मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाएगी।
14. लखपति दीदी योजना के तहत 6 लाख से ज्यादा ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।
15. हर बेघर को घर देते के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ मुख्यमंत्री आवास योजना शुरू की जाएगी।
16. आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के छात्रों को यूनिफॉर्म आदि के लिए 1200 रूपये की वार्षिक सहायता प्रदान की जाएगी।
17. 40000 करोड़ रूपये के निवेश के साथ भामाशाह हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन शुरू किया जायेगा।
18. पेपर लीक समेत अन्य घोटालों की जांच के लिए SIT का गठन किया जायेगा।
19. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के लाभार्थियों को 5 साल तक मुफ्त राशन दिया जायेगा।

भगवंत मान और केजरीवाल पर भड़के एलजी

दया करो, दिखावा नहीं काम चाहिए : एलजी

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने प्रदूषण की समस्या को लेकर अरविंद केजरीवाल और पंजाब की भगवंत मान सरकार पर बड़ा प्रहार किया है। उन्होंने दिल्ली में 400 के आसपास एक्यूआई का जिक्र करते हुए पंजाब सरकार से कहां दया करने की अपील की तो दिल्ली सरकार पर काम की बजाय सिर्फ दिखावा करने का आरोप लगाया। उन्होंने केजरीवाल सरकार को राजनीति छोड़कर काम करने की नसीहत दी।

दिल्ली के एलजी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एक के बाद एक तीन पोस्ट में अपनी बात कही। उन्होंने लिखा, 'दूसरे प्रदेशों में फसल जलाने से आने वाले धुएं को लेकर हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते हैं, सिवाय इसके कि उनसे विनती करें। राज्यों विशेषकर पंजाब के लापरवाही बरतने के बावजूद हम दया के याचिकाकर्ता हैं। एक्यूआई अभी भी 400 के आसपास है जिससे राजधानी हांफ रही है।' एलजी ने अपने पोस्ट के साथ न्यूज क्लिप भी शेयर की जिसमें कहा गया है कि पंजाब में पराली जलने की बात कही गई है।

केजरीवाल सरकार पर भी प्रहार

एलजी ने केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए 'रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ' और 'ऑड-ईवन' जैसे अभियानों को प्रॉपेगेंडा की राजनीति करार दिया और कहा कि इन्हें जरूरत से ज्यादा हाइप दिया गया है।

एलजी ने कहा कि इसके लिए दिल्ली की जनता की जान को

जोखिम में नहीं डाला जा सकता है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, 'दिल्ली में सीएनजी लागू होने और फ्लाइओवरों के निर्माण के बाद कुछ भी ठोस नहीं किया गया। दिल्ली को ऐक्शन की जरूरत है, सिर्फ दिखावे की नहीं। हम एक निश्चित समयसीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। चलो ऐसा करते हैं। राजनीति इंतजार कर सकती है।'

दिल्ली सरकार और एलजी के बीच पुराना टकराव

दिल्ली सरकार और एलजी वीके सक्सेना के बीच लंबे समय से टकराव चला आ रहा है। अधिकारों के बंटवारे से लेकर भ्रष्टाचार तक के मुद्दे पर दोनों तरफ से एक दूसरे पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जाते हैं। एक दूसरे के खिलाफ बेहद तीखे शब्दों का इस्तेमाल किया जा चुका है।

आज का एक्यूआई

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के बाद पटना की वायु गुणवत्ता 'खतरनाक' श्रेणी में आ गई, यहां का AQI आज सुबह 6.30 बजे 587 था, जबकि दिल्ली का AQI गुरुवार सुबह 6.30 बजे 449 था। आज सुबह 6:30 बजे तक सबसे एयर क्वालिटी इंडेक्स वाले टॉप 10 प्रदूषित शहरों की लिस्ट में दो बिहार में हैं, तीन से ज्यादा राजस्थान में हैं, इसके अलावा दिल्ली , पंजाब, हरियाणा और अन्य शहर हैं।

दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 17 नवंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 245 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

1,63,14,479 मतदाता आज चुनेंगे 22 जिलों से 70 विधायक

958 उम्मीदवार आजमा रहे अपना भाग्य, 827 पुरुष, 130 महिला और 1 तृतीय लिंग प्रत्याशी मैदान में

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

- कुल मतदाता- 1 करोड़ 63 लाख 14 हजार 479
- पुरुष मतदाता - 81 लाख 41 हजार 624
- महिला मतदाता- 81 लाख 72 हजार 171
- तृतीय लिंग- 684

■ **बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के 9 मतदान केन्द्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की 70 विधानसभा सीटों पर आज मतदान होगा। दूसरे चरण के इस चुनाव में वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित केन्द्रीय मंत्री, सांसद और प्रदेश के कई नए चेहरे चुनावी मैदान में हैं। मतदान से पहले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने दूसरे चरण के वोटिंग की तैयारी पर जानकारी देते हुए कहा कि, 70 सीटों पर मतदान होना है। बिंद्रनवागढ़ विधानसभा के 9 मतदान केंद्रों में सुबह 7 से 3 बजे तक मतदान होगा, बाकी सभी सीटों पर सुबह 8 से शाम 5 बजे तक वोटिंग होगी। इस बार दूसरे चरण के चुनाव में डेढ़ करोड़ से ज्यादा मतदाता वोट करेंगे। वहीं इस बार चुनाव में 1 थर्डजेंडर समेत 958 प्रत्याशी चुनावी मैदान में होंगे। जनता उनके भाग्य का फैसला कल करेगी। 958 प्रत्याशियों में पुरुष, महिला समेत एक तृतीय लिंग की प्रत्याशी भी मैदान में हैं। 69 विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग होगी। केवल नक्सल प्रभावित बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के 9 मतदान केन्द्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होंगे।

दूसरे चरण में राज्य के कुल 1 करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन विधानसभा सीटों पर होगा मतदान

विधानसभा आम निर्वाचन के लिए दूसरे चरण में भरतपुर-सोनहट, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धरमजयगढ़ , रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सरायपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिंद्रनवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी-बालोद, डौंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे।

संपादकीय

विश्वकप में भारतीय क्रिकेटरों ने रचे कई कीर्तिमान

भारत में हो रहे आईसीसी विश्वकप के सेमीफाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम ने ना सिर्फ न्यूजीलैंड को करारी शिकस्त देकर शान के साथ फाइनल का टिकट कटाया बल्कि सेमीफाइनल मैच में भारतीय क्रिकेटरों ने कई वर्ल्ड रिकॉर्ड तोडकर नया कीर्तिमान रच दिया। भारतीय क्रिकेट टीम ने चौथी बार विश्वकप के फाइनल में प्रवेश किया है जिसमें से दो बार वह विश्वकप जीतने में सफल हुई थी और दो बार उसके हाथ असफलता लगी थी इस बार भारतीय क्रिकेट टीम ने सभी लीग मैच जीतने के बाद सेमीफाइनल भी जीतकर यह साबित कर दिया है कि वह फाइनल मैच भी जीतने जा रही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टॉस जीतकर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जो सही साबित हुआ। रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने शुरूआती 10 ओवरों में धुंआधार बल्लेबाजी कर टीम को मजबूत शुरूआत दी । इसके बाद मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया विराट कोहली ने अपना पचासवां शतक ठोका वही श्रेयस अय्यर ने इस वर्ल्ड़ कप में लगातार दूसरी बार शतक जड़ा। शुभमन गिल ने 80 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली जिसके चलते भारत ने 397 का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसका पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने भी अच्छा खेल दिखाया ।लेकिन मोहम्मद शमी की घातक गेंदबाजी के कारण न्यूजीलैंड 327 रनों पर ढेर हो गई। भारत ने 70 रनों से मैच जीतकर न्यूजीलैंड से पिछले विश्वकप के सेमीफाइनल का हिसाब चुकता कर दिया। इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने सर्वाधिक छक्के लगाने का वर्ल्ड़ रिकॉर्ड़ अपने नाम कर लिया। वहीं विराट कोहली ने भी पचासवां शतक लगाकर एकदिवसीय मैचों में सबसे ज्यादा शतक लगाने का विश्व रिकॉर्ड़ बना दिया। इसके अलावा विराट कोहली ने एक विश्वकप में सबसे ज्यादा 711 रन बनाने का भी विश्व रिकॉर्ड़ बना डाला। उन्होंने एक विश्वकप में 8 बार पचास रन से ज्यादा रन बनाने का भी विश्व कीर्तिमान रच दिया। विराट कोहली की इस उपलब्धि पर भारत रत्न सचिन तेंदुलकर ने उन्हें गले लगाकर बधाई दी । विराट कोहली ने विश्वकप में सबसे ज्यादा रन बनाने और एकदिवसीय मैचों में सर्वाधिक 49 शतक बनाने के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को ही तोड़ा है । सचिन तेंदुलकर ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उन्हें इस बात की बेहद खुशी है की उनके रिकॉर्ड़ को एक भारतीय खिलाड़ी ने ही तोड़ा है। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भी सेमीफाइनल में 7 विकेट लेकर नया इतिहास रच दिया है। इस वर्ल्ड कप के 6 मैचों में सर्वाधिक 23 विकेट लेकर वे इस वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इसी वर्ल्ड कप में उन्होंने तीन बार 5 विकेट लेकर नया कीर्तिमान बनाया था और वर्ल्ड कप की 17 पारियों में सबसे ज्यादा 54 विकेट लेकर उन्होंने अनूठा कीर्तिमान बना दिया है। मोहम्मद शमी इस वर्ल्ड कप के शुरूआती चार मैचों में नहीं खेले थे वरना उनका यह रिकॉर्ड़ और बड़ा होता। सेमीफाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम के बेहतर प्रदर्शन के बाद अब इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता कि टीम इंडिया फाइनल मैच में भी इसी तरह का शानदार प्रदर्शन दोहराएगी और तीसरी बार वर्ल्ड कप जीतकर नया इतिहास बनाएगी। दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के बीच सेमीफाइनल में जो भी टीम जीतेगी उससे भारत का फाइनल में मुकाबला होगा और फाइनल मैच भी भारतीय क्रिकेट टीम ही जीतेगी।

वैदिक संस्कृति और साहित्य वर्तमान परिपेक्ष्य में सार्थक ।

संजीव ठाकुर,

साहित्य सत्य की साधना शिवत्व की कामना और सौंदर्य की अभिव्यंजना हैद्य शुद्ध, जीवंत एवं उत्कृष्ट साहित्य मानव एवं समाज की संवेदना और उसकी सहज वृत्तियों को युगों युगों तक जनमानस मैं संचारित करता आ रहा है और यही कारण है कि कालिदास, सूरदास, कबीर, प्रेमचंद, शेक्सपियर की कृतियाँ आज भी लोगों के मध्य अपनी रस सुधा से ह्रदय को भिगोती रहती हैद्य राजनैतिक और भौगोलिक दृष्टि से विश्व कितने ही भागों में बट जाए, मतभेद और विवादों की खाई कितनी भी गहरी हो जाए, पर साहित्य धरातल पर सब सामान्य और एक हैं। दुनिया में मानव एक है। उनकी रचनाएं सभी जगह एक और समान हैद्य यह भी सत्य है कि किसी भी देश की भाषा और साहित्य के अध्ययन के आधार पर वहां की सभ्यता संस्कृति के विकास का सहज विधि का अनुमान लगाया जा सकता है। साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा, उत्थान पतन का स्पष्ट चित्रण होता है। साहित्य की इन्हीं विशेषताओं के कारण साहित्य कालजई और सास्वत होता है। मुंशी प्रेमचंद जी ने साहित्य को जीवन की आलोचना भी कहा है।

साहित्य एक स्वायत्त आत्मा है, और उसकी सृष्टि करने वाला भी ठीक से नहीं घोषणा कर सकता है कि उसके द्वारा रचे गये साहित्य की अनुगूंज कब और कहां तक जाएगी। इस तरह साहित्य का सत्य समाज की नैतिक चिंता है। समाज की विसंगतियों को दूर करने वाला एक बड़ा रक्षक भी है। प्राचीन मनीषियों द्वारा लिखा गया साहित्य अत्यंत आकर्षक एवं प्रिय इसलिए भी लगता है कि मनुष्यता का एक संपूर्ण चरित्र चित्रण होता है। साहित्य और संस्कृति एक दूसरे से गहरे जुड़े हुए हैं। मानवी जीवन की तरह साहित्य मैं भी संघर्ष और निरंतरता की निरंतरता समाहित होती है। समय और परिस्थिति की संस्कृति का प्रभाव साहित्य पर निरंतर परिलक्षित होता रहता है। यह साहित्य ही है जो वर्तमान को सामने रख भविष्य की रूपरेखा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज की सुषुप्त विवेक शक्ति को जागृत कर समाज का दिशा दर्शन भी करता है। अपने समय की विसंगतियों को दूर करने के साथ ही गुणात्मक साहित्य सदैव प्रासंगिक बना रहता है। समाज और जनमानस को आलोक स्तंभ की तरह पल्लवित एवं प्रकाशित करता है। वर्तमान के भौतिक समय में जब मानवता और संवेदना की पीड़ा की गूंज सभी जगह फैली हुई है, ऐसे में सत साहिब से और अर्वाचीन संस्कृति दिशा दर्शन और माननीय संवेदनाओं को संबल देने में अत्यंत प्रासंगिक भी है। यह कतई कहने की आवश्यकता नहीं है कि श्रेष्ठ साहित्य वही है जो मनुष्य के भीतर और बाहर प्रासंगिक मूल्यों,संदेश और उद्देश्यों को समाए रखता है। कबीर दास रविंद्र नाथ टैगोर, शरद चंद, जयशंकर प्रसाद, रेणु, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर, मिल्टन आदि का साहित्य जनमानस के मन में और जीवन में रच बस गया है। इन्होंने प्रतिभा सापेक्ष श्रेष्ठ रचनाएं समाज को दी हैं। और यही कारण है इनकी रचनाओं से संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। साहित्य सदैव सामाजिक प्रक्रिया के आर्थिक राजनीतिक और समकालीन विचारधारा से बहुत ज्यादा प्रभावित रहा है। उनको प्रभावित भी करता है। इस तरह साहित्य संस्कृति के परिपेक्ष में देश कालिक होता है। शाहिद आदर्शवादी हो या आशावादी इस संदर्भ में अलग-अलग विद्वानों के अलग-अलग मत हैं। इस जीवन की आपाधापी में जहां निराशा कुंठा और समजिक अंधविश्वास का भ्रम फैला है। वहां आशावादी दृष्टिकोण साहित्य के दायित्व को और गहरा बनाता है। इन दोनों बातों के समाधान के लिए जयशंकर प्रसाद की चंद पंक्तियां बहुत ही प्रासंगिक होगी कि जीवन की अभिव्यक्ति यथार्थवाद है और अभाव की पूर्ति आदर्शवाद। साहित्य की पूर्णता के लिए यथार्थवाद और आशावाद दोनों का समन्वित रूप होना चाहिए, वास्तव में संस्कृति साहित्य के लिए एक प्रेरणा है ।और संस्कृति साहित्य पर समय और काल पर अवलंबित होती है। साहित्य और संस्कृति दूसरे एक दूसरे के निश्चित तौर पर पूरक हैं। वर्तमान संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक भी। आशा करते हैं कि हिंदी साहित्य वैश्विक फलक पर बहुत ही शीघ्र अपना परचम स्थापित करेगा।

नुकसानदेह है जातिवादी राजनीति

तारकेश्वर मिश्र

बुद्ध, नानक, कबीर, अंबेडकर आदि ने तो अपने-अपने काल मे अपना पूरा प्रयास किया लेकिन अब फिर से जरूरत है ईमानदार प्रबुद्धों की जो इस समस्या को राष्ट्र के राजनीतिक एवं सामाजिक पटल पर रखकर इसके सामाधानों पर चर्चा करें। अगर सचमुच हम समानता का जातिविहीन समाज बनाना चाहते हैं तो एक नेशनल नैरेटिव के साथ सामाजिक न्याय का एक रैशनल प्रारूप बनाना होगा। इसके लिए विवाद कम विचार ज्यादा करने की जरूरत है। गौरतलब है मंडल राजनीति के उदय के बाद ही नई-नई जातियां और उपजातियां उभरकर सामने आने लगीं। लेकिन उनके नेता बहुत ही छोटे से दायरे में हैं। नीतीश इस वास्तविकता को जानते हुए भी ऐसा क्यों कर रहे हैं ये बड़ा सवाल है।दुर्भाग्य से कोई भी पार्टी ऐसे मामलों में सच्ची बात कहने का साहस नहीं दिखा पाती। ये देखते हुए बुद्धिजीवियों और समाजशास्त्रियों को आगे आकर दिशा देनी चाहिए। इस बारे में ये कहना गलत न होगा कि देश की एकता और अखंडता के लिए जितना नुकसानदेह नक्सलवाद और आतंकवाद है उतनी ही जातिवादी राजनीति भी । इसलिए इसको रोकना जरूरी है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की गिनती सुलझे हुए राजनेताओं में थी। नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय राजनीति में उभरने से पहले उनको एनडीए का प्रधानमंत्री चेहरा माना जाता था। लंबे समय तक भाजपा के साथ रहते हुए वे केंद्र में मंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री बने और इस बीमारू राज्य की छवि काफी बदली। लालू यादव को जेल भिजवाने में भी श्री कुमार की भूमिका मानी जाती रही। सुशासन बाबू कहलाने वाले नीतीश ने जाति और परिवार से हटकर अपनी एक सौम्य छवि बनाई थी। बिहार में जंगल राज खत्म करने का कारनामा भी उनके और भाजपा के नाम पर है। लेकिन 2013 में ज्योंही भाजपा ने श्री मोदी को प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाया त्योंही श्री कुमार खफा हो उठे और दोबारा लालू एंड कंपनी से मिल गए। हालांकि कुछ समय बाद पलटी मारकर एनडीए में लौट आए और मिलकर लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव भी लड़ा किंतु अचानक भाजपा से दोबारा न मिलने की कसम खाते हुए लालू और कांग्रेस के साथ हो लिए। सैद्धांतिक मतभेदों के चलते पार्टी छोड़ना और तोड़ना स्वर्गीय डा. लोहिया के मानसपुत्रों का चरित्र रहा है और इस लिहाज से श्री कुमार भी अपवाद नहीं हैं । उन्होंने भी स्व.जॉर्ज फर्नांडीज के साथ मिलकर समता पार्टी बनाई थी जिसे बाद में जनता दल (यू) में विलय कर दिया गया। फिलहाल वे इसके सर्वेसर्वा हैं। इन दिनों नीतीश 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी विरोधी विपक्ष का गठबंधन बनाने को लेकर चर्चा में है। बिहार में इस बात की चर्चाएं आम हैं कि उनका राजनीतिक सफर पूर्ण विराम की ओर बढ़ रहा है जिससे उनके साथी भी छिटकते जा रहे हैं। इससे बचने के लिए उन्होंने भी वही हथकंडे अपनाने शुरू कर दिए जिसके लिए वे लालू और स्व.शरद यादव को कोसा करते थे। भले ही वे कितना भी इंकार करें किंतु उनके मन में प्रधानमंत्री बनने की इच्छा हिलोरें मार रही है। इसीलिए वे विपक्षी एकता के स्वयंभू झंडाबरदार बन बैठे। लेकिन इसके लिए उनको कोई राष्ट्रीय मुद्दा तैयार करना था। आखिरकार वे मंडलवादी राजनीति के उसी दौर को पुनर्जीवित करने में जुट गए जिसने 1990 में समाज में जातिवाद की खाई को और चैड़ा कर दिया। जाति आधारित जनगणना , जातीय-आर्थिक सर्वे और उसके साथ ही आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाकर 75 फीसदी कराने के प्रस्ताव के जरिए वे खुद को देश का सबसे बड़ा ओबीसी चेहरा साबित करने में जुट गए हैं। दरअसल उनके मन में एक बात घर कर चुकी है कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए शरद पवार , ममता बैनर्जी , अरविंद केजरीवाल जैसे नेता राजी नहीं होंगे।

तेलंगाना चुनाव में कांग्रेस के मैदान में उतरने के कारण मुख्यमंत्री के. सी.रेड्डी का भी इसी जमात में शामिल होना तय है। इसीलिए उन्होंने श्री मोदी के हिंदुत्व के मुकाबले ओबीसी कार्ड खेलकर राजनीतिक विमर्श को विपरीत दिशा में मोड़ने का दुस्साहस कर डाला।उनके पहले कदम का अन्य गैर भाजपा पार्टियों को भी समर्थन करने मजबूर होना पड़ा जिससे उनका हौसला बढ़ा और उन्होंने जातिगत जनगणना और जातीय-आर्थिक सर्वे के फौरन बाद आरक्षण की सीमा 75 फीसदी बढ़ाए जाने का अस्त्र फेंक दिया। हालांकि तमिलनाडु में पहले से आरक्षण की सीमा सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों से ज्यादा है। मध्य प्रदेष् सहित अनेक राज्यों में भी ओबीसी आरक्षण को लेकर लंबे समय से राजनीतिक और कानूनी पचड़ा फंसा हुआ है। कमलनाथ ने ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण का चुनावी वायदा भी कर दिया है। लेकिन नीतीश को एक बात समझ लेना चाहिए कि जाति , भाषा और क्षेत्र की राजनीति करने वाले नेताओं का आभामंडल सीमित ही रहता है। यदि ऐसा न होता तो तमिलनाडु की दोनों प्रमुख पार्टियों की जड़ें देश भर में रह रहे तमिल भाषियों के बीच फैल जातीं। इसी तरह शिवसेना भी राष्ट्रीय पार्टी बन जाती। 1990 में मंडल मुद्दे के उठने पर मुलायम सिंह यादव, शरद यादव और लालू यादव जैसे नेताओं को प्रधानमंत्री बनने के सपने आने लगे थे। लेकिन वे रेत के घरौंदे की तरह ढह गए। जातिवाद का लाभ लेकर प्रधानमंत्री तो चैधरी चरण सिंह भी बने किंतु जल्द ही अर्श से फर्श पर आ गए। पता नहीं क्यों नीतीश जैसे अनुभवी राजनीतिज्ञ सब समझते हुए भी ओबीसी की राजनीति के फेर में बिहार के साथ ही पूरे देश को जातीय संघर्ष की ओर धकेलने का पाप कर रहे हैं?भाजपा और नरेंद्र मोदी के प्रति उनके मन में जो कुंठा है उसकी वजह से वे सामाजिक ढांचे को कमजोर करने पर आमादा हो जाएं तो ऐसी राजनीति क्षणिक आवेग पैदा करने के बाद फुस्स हो जाती है। जाति प्रथा के कारण ही भारत के विभिन्न धार्मिक समूह सामाजिक और राजनीतिक रूप से एक दूसरे के समीप नहीं आ सके जिसके कारण एक सुदृढ़ समाज का निर्माण नहीं हो सका। जाति प्रथा ने अंततोगत्वा देश में विभाजन ही पैदा किया। समझना होगा कि जब तक समाज से जातिवाद का अंधेरा नहीं मिटेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता का सूरज उदित नहीं होगा। देखने पर मिलता है कि भारत में कुल जातियों की संख्या 6743 है। उप जातियां इसमें शामिल नहीं है। यह प्रथा पिछले 3500 वर्षों से अक्षुण्ण है। लोकतांत्रिक व्यवस्था ही इसे दूर करने का सबसे बड़ा औजार बन सकता है, लेकिन सैकड़ों साल से चलने वाली किसी परंपरा को इतने कम समय मे दूर कर लेना भी आसान नहीं है। भारत सरकार ने तथा संविधान निर्माताओं ने कुछ नीतियों एवं नियमों से इसे दूर करने का प्रयास किया, परंतु यह व्यवस्था भारतीय समाज मे इस कदर व्याप्त है जैसे दूध मे मिलावट का पानी। इस मिलावट को दूर करने के लिए दक्षता के साथ-साथ कुछ कठोर कदम उठाने की भी जरूरत है जिससे की आज तक भारतीय राजनीतिज्ञ बचते आए हैं क्योंकि इससे उनका राजनीतिक जीवन ही दांव पर लग सकता है। आज की जरूरत जाति व्यवस्था से उत्पन्न विसंगतियां मिटाने की है न कि उसे और मजबूत करने की। राजनीतिक दलों को अपने भले और लाभ की बजाय देष और देषवासियों के कल्याण के बारे में सोचना चाहिए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(ए)। 2009 में आज ही के दिन टी. एस. ठाकुर को सुप्रीम कोर्स का न्यायाधीश नियुक्त किया गया। 2006 में 17 नवंबर के दिन ही अमेरिकी सीनेट ने भारत-अमेरिका परमाणु संधि को मंजूरी दी थी। 2005 में आज ही के दिन श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव खत्म हुए थे। 2004 में 17 नवंबर को ही रामेश्वर ठाकुर उड़ीसा के राज्यपाल बने थे। 1999 में आज ही के दिन अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को यूनेस्को ने स्वीकृति दी थी। 1966 में 17 नवंबर के दिन ही भारत की रीता फारिया ने मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था। 1933 में आज ही के दिन अमेरिका ने सोवियत संघ को मान्यता देते हुए व्यापार के लिए सहमति दी थी। 1932 में 17 नवंबर के दिन ही तीसरे गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत हुई थी। 1869 में आज ही के दिन स्वेज नहर को यातायात के लिए खोल दिया गया। यह नहर यूरोप को एशिया से जोड़ती है। 1869 में 17 नवंबर के दिन ही इंग्लैंड के जेम्स मूरी ने 13 हजार किलोमीटर लंबी पहली साइकिल रेस जीती थी। 1831 में आज ही के दिन इक्वाडोर और वेनेजुएला ग्रेटर कोलंबिया से अलग हुए थे।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:51, सूर्यास्त : 05:32, चन्द्रोदय : 09:40, चन्द्रास्त : 19:39, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : कार्तिक, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्थी, नक्षत्र : पूर्वाषाढ, योग : धृति, प्रथम करण : गर (12:34 तक), द्वितीय करण : वणिज (23:51 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : धनु, मंगल : वृश्चिक(अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : वृश्चिक (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कन्या (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:40 से 12:23, अमृत काल : 20:04 से 21:38, रवियोग : 06:42 से 26:17, विजय मुहूर्त : 13:48 से 14:30, गोधूलि मुहूर्त : 17:20 से 17:47, सायाह्न सन्ध्या : 17:20 से 18:41, निशिता मुहूर्त : 23:35 से 24:29, राहुकाल : 10:30 से 12:00, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 06:42 से 08:02, होमाहुति : बुध, दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : आकाश।

QUIZ TIME

1) बिहार कौमी सेवक दल की स्थापना कब हुई?

2) किस वेद में कहा गया है कि युद्ध की उत्पत्ति व्यक्ति के मस्तिष्क में होती है?

3) बरमूडा त्रिभुज किस महासागर में अवस्थित है?

4) 37वें राष्ट्रीय खेलों का आधिकारिक प्रायोजक हाल ही में किसे बनाया गया है?

5) महेश्वर मोहंती का हाल ही में देहांत हो गया, वह किस राज्य की विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष थे?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1)27 नवम्बर, 1921 (2)अथर्ववेद (3)उत्तर पश्चिम अटलांटिक महासागर (4)पेटीएम (5)ओडिशा

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आप किसी भी कार्य को लेकर गंभीर नही रहेंगे दिन के आरंभ से ही आलस्य और सुस्ती बनी रहेगी।

वृषः आज आप जिस भी कार्य को करना आरंभ करेंगे या करने का विचार करेंगे उसमे कोई ना कोई बिना मांगे अपनी राय देगा जिससे कुछ समय के लिये दुविधा में पड़ेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिये आरामदायक रहेगा लेकिन आज बेतुकी बयानबाजी से बचना होगा अन्यथा बैठे बिठाये अपमानित हो सकते है।

कर्कः आज के दिन आप कोई नापसंद कार्य करने पर गुस्से में रहेंगे लेकिन कार्य क्षेत्र पर अनुकूल वातावरण भी मिलते रहेंगे।

सिंहः आज के दिन परिजनों का व्यवहार आपके स्वभाव पर निर्भर रहेगा इसलिये सनकी मिजाज त्याग मिलनसार बने अन्यथा आज सुख चैन से नही बैठ पाएंगे।

कन्याः आज के दिन भी आप अपने ही स्वभाव के कारण घर मे अशांति का कारण बनेंगे।

तुलाः आज के दिन आपको बैठे बिठाये आकस्मिक लाभ की प्राप्ति होगी चाहे किसी भी रूप में हो।

वृश्चिकः आज आप बीते कल की तुलना में कुछ संतोषि रहेंगे लेकिन महिला वर्ग इसके विपरीत अन्य लोगो से स्वयं एवं परिवार की तुलना करने पर कुछ समय के लिये उदास रहेंगी।

धनः आज के दिन आपके व्यक्तित्व में निखार रहेगा लेकिन स्वभाव का जिद्दीपन अन्यलोगों विशेषकर परिजनों के लिये भारी पड़ेगा।

मकरः आज परिस्थिति में थोड़ा सुधार अनुभव करेंगे लेकिन कामना पूर्ति में आज भी कोई न कोई अड़चन बनी रहेगी।

कुंभः आज का दिन कुछ कार्यो को छोड़ व्यर्थ की भागदौड़ में बीतेगा घरेलू कार्यो को लेकर किसी से बहस होकर दिन का आरंभ होगा मध्यान तक इसका प्रभाव मस्तिष्क पर रहेगा

मीनः आज के दिन आपका व्यवहार ढुलमुल रहेगा मध्यान तक आप प्रत्येक कार्य मे आलस्य दिखाएंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -244

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 243का हल

दा	ढ़ी	■	की	■	खा	सो	आ	म
वा	■	त	म	त्रा	■	■	जा	■
न	जा	क	त	■	बा	अ	द	ब
ल	■	ली	■	वि	ला	प	■	हा
■	अ	फ	सा	ना	■	मा	हि	र
दा	ब	■	■	श	गु	न	■	■
न	■	उ	प	का	र	■	शि	■
व	■	त्स	■	र	■	त	क	ला
■	सा	व	न	■	गु	रु	वा	र

■ न्यूज गैलरी

जिला व पुलिस प्रशासन की टीम ने किया फ्लैग मार्च

गरियाबंद/नवप्रदेश। मतदान की पूर्व संध्या पर कलेक्टर आकाश छिकारा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के नेतृत्व में आज जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने गरियाबंद शहर में फ्लैग मार्च निकाला। सभी अधिकारी कर्मचारियों ने जिले में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने और निष्पक्ष, निर्भीक और भयमुक्त चुनाव करवाने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकालकर शांति और एकजुटता का संदेश दिया। साथ ही 17 नवम्बर को बिना डर, भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करने का भी संदेश दिया।

बाइक को किया आग के हवाले, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। अटल आवास कबीरनगर में खड़ी बाइक को एक युवक ने आग के हवाले कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। प्रार्थी दिलीप गुप्ता 35 वर्ष बिहारी बस्ती गोंदवारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी स्पलेण्डर बाइक क्रमांक सीजी 04 एनवाय 1827 को अटल आवास कबीरनगर में खड़ी किया था, तभी आरोपी महेन्द्र ठाकुर ने उसे आग के हवाले कर दिया। जिससे प्रार्थी की बाइक जलकर खाक हो गई। इस आगजनी में प्रार्थी को 40 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

दो पक्ष आपस में भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। बाजार चौक कुम्हारी में मातर त्यौहार के दौरान दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर उरला पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पहले पक्ष से प्रार्थी चेतन निषाद 21 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी हर्ष चक्रधारी, बुधु, लक्ष्मण व गुमित चक्रधारी ने मातर त्यौहार के दौरान विवाद कर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी लक्ष्मण चक्रधारी 24 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी चेतन निषाद, करण निषाद व अन्य ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

ब्रीज के नीचे खड़ी मोपेड पार

रायपुर/नवप्रदेश। न्यू राजेन्द्र नगर स्थित आर्क ब्रीज के नीचे खड़ी मोपेड को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी दीपक जगत 20 वर्ष उमंग कालोनी टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी अपनी टीवीएस मोपेड क्रमांक सीजी 04 केडरी 2013 को आर्क ब्रीज के नीचे खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मोपेड की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। हीरानगर तेलीबांधा में पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी पुष्कर दुबे 21 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि हीरानगर तेलीबांधा में आरोपी छोटू साहू, हुमेद खान व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम चपरीद रोड स्थित राजा ढाबा के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में आरंग थाना पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक गिरीश धीवर 33 वर्ष ग्राम अछोला का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था।

मतदान के लिए अन्य 12 वैकल्पिक पहचान पत्र निर्धारित

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव 2023 में मतदान के समय सभी मतदाता जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है, वे वोट डालने हेतु मतदान केन्द्रों पर निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएगे, किन्तु जो मतदाता निर्वाचक फ ोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते वे दूसरे वैकल्पिक पहचान पत्र प्रस्तुत कर वोट डाल सकेंगे। वैकल्पिक पहचान पत्र के रुप निर्धारित किए गए पहचान पत्रों में पासपोर्ट, ड्राईविंग लाईसेंस, केन्द्र/राज्य शासन अथवा सार्वजनिक लोक उपक्रम द्वारा अपने कर्मचारी को जारी किया जाने वाला फोटोयुक्त

पहचान पत्र, बैंकों डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, आरजीआई एवं एनपीआर द्वारा जारी की गई स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, श्रम मंत्रालय योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फ ोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, निर्वाचन तंत्र द्वारा जारी प्रमाणित फ ोटो मतदाता पर्ची, विधायक, सांसदों, विधान परिषद, सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, आधार कार्ड, आदि शामिल है, इनमें से कोई भी एक पहचान पत्र मतदान केन्द्र पर प्रस्तुत कर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है।

पीसीसी चीफ दीपक ने मतदान करने की अपील

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मतदाताओं से मतदान की अपील करते हुये कहा कि एक-एक वोट से ही लोकतंत्र पुष्पित और पल्लवित होता है। आपका एक वोट प्रदेश के आने वाली समय की दशा और दिशा को निर्धारित करेगा। संविधान में नागरिकों को दिये गये मतदान के अधिकार से ही भारत का नागरिक लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण केंद्र है। आपके एक वोट से ही सरकार बनती है। अतः अपने मतदान के अधिकार की ताकत को समझे तथा मतदान अवश्य करें। सूझबूझ के साथ मतदान करें। मजबूत और समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाने की प्रक्रिया को आने वाले वर्षों में जारी रखने के लिये मतदान करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने की मतदान करने की अपील

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने जिले के सभी मतदाताओं से विधानसभा निर्वाचन में अपना-अपना वोट अनिवार्यतः डालने की अपील की है। छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्यों के निर्वाचन के लिए 17 नवंबर 2023 दिन शुक्रवार को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान केंद्रों में वोट डाले जायेंगे। डॉ. भुरे ने मतदान के लिए मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि मतदाता मतदान के लिए समय निकालकर अपने क्षेत्र के लिए निर्धारित मतदान केंद्रों में जरूर से मताधिकार का उपयोग करें। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता का मत अमूल्य है तथा मतदान करना हर एक मतदाता का कर्तव्य है। डॉ. भुरे ने कहा कि जब मतदान के लिए जायें तो अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक कार्ड) एवं फोटो युक्त मतदाता पर्ची अवश्य लेकर जायें। मतदान केंद्र में इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन के माध्यम से आप अपने पसंद के प्रत्याशी को चुनने के लिए वोट कर सकते हैं। अपने जिला, राज्य एवं देश की खुशहाली के लिए एवं सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए शत-प्रतिशत मतदान का होना अपेक्षित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग सुनिश्चित करने की अपील सभी मतदाताओं से की है।

कांग्रेस पर शराब, पैसा वितरण का आरोप लगाकर बीजेपी ने की शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। सांसद सुनील सोनी ने आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ से शिकायत करते हुए बताया है कि छत्तीसगढ़ के 70 विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस द्वारा अवैध रूप से सामग्री वितरण, पैसा वितरण, शराब वितरण के साथ ही गुंडागर्दी करके चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। राज्य में बलवा होने की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने भाजपा की ओर से राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत की है कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा किया जा रहा है। इस कारण चुनाव में शांति भंग होने की आशंका है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ लगातार मारपीट, गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जिससे भाजपा के कार्यकर्ताओं के मन में भय व्याप्त है। इसकी शिकायत विभिन्न थानों में की गई है। लेकिन अब भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। पुलिस और प्रशासन तंत्र निर्वाचन आयोग के नियंत्रण में होने के बावजूद कांग्रेस सरकार के एजेंट की तरह काम कर रहा है। अपनी शिकायत में कहा कि मतदान पूर्व की आज रात्रि एवं कल मतदान के दिन तक हर जगह अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है। आपराधिक तत्वों की सक्रियता बढ़ रही है। मतदाताओं को प्रलोभन देने हेतु शराब, साड़ी, कम्बल एवं दूसरी सामग्रियों का वितरण देर रात तक किया जा रहा है जो कि आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग से हमारी अपेक्षा है कि छत्तीसगढ़ की सभी 70 सीटों में स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान हो सके, इसके लिए समुचित कदम निर्वाचन आयोग उठाए। भारतीय जनता पार्टी निष्पक्ष चुनाव की पक्षधर है और इस हेतु सहयोग कर रही है। आशा है कि आदर्श आचार संहिता का पालन हो सके, इसके लिए उचित कार्रवाई तत्काल प्रभाव से की जाएगी। रायपुर जिले की 7 सीटों पर शुक्रवार को होने वाले मतदान को निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने के लिए रायपुर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से भी आग्रह करते हुए उन्हें जानकारी दी है कि रायपुर जिले की सातों विधानसभा सीटों पर चुनाव को प्रभावित करने के लिए कांग्रेस के दबाव में जिस तरह पक्षपात पूर्ण कार्रवाई की जा रही है और कांग्रेस द्वारा की जा रही अवैधानिक गतिविधियों की शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, उससे चुनाव की निष्पक्षता पर संदेह हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिले की किसी भी सीट पर मतदान को प्रभावित करने के लिए किसी भी प्रकार के दबाव में आए बिना निष्पक्ष निर्वाचन कराया जाए। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी के साथ निर्वाचन आयोग संपर्क समिति संयोजक डॉ. विजय शंकर मिश्रा, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष जयंती पटेल , विधि विभाग के अध्यक्ष जयप्रकाश चंद्रवंशी उपस्थित थे।

गद्दा गोदाम में लगी आग

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के मोवा थाना क्षेत्र के प्रेमनगर में स्थित गद्दे की फैक्ट्री के गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरे फैक्ट्री के गोदाम को आगोश में ले लिया। सूचना पर आग को बुझाने दमकल की चार गाड़ियां लगाई गई। घंटों मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। इधर, रिहायशी इलाका होने के चलते पड़ोसी घरों में आग लगने की आशंका से पड़ोस में रहने वाले लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आए गए। गोदाम मालिक के अनुसार इस आगजनी से लाखों का नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने का कारणों का पता नहीं सका है।

छठ पर्व के लिए नदी, तालाबों को सफाई करने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी ने छठ महापर्व दिनांक 17 से 20 नवंबर 2023 तक नदी, तालाबों में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा - अर्चना को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम के सभी जोन कमिश्नरों, उपायुक्त स्वास्थ्य, जोन क्रमांक 8 के जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियन्ता (जल एवं विद्युत विभाग) को खारून नदी महादेवघाट सहित राजधानी रायपुर शहर के नगर पालिक निगम क्षेत्र के विभिन्न तालाबों में घाटों एवं पचरियों की विशेष सफाई करवाने आवश्यकतानुसार पेयजल टैंकरों की व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सहित आवश्यक कार्य प्रबंधन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के सन्दर्भ में प्रभावशील आदर्श निर्वाचन आचार संहिता, माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, रायपुर जिला प्रशासन द्वारा जारी कोविड 19 के निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं. आयुक्त ने सम्पूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था हेतु नगर निगम अपर आयुक्त शैलेन्द्र पाटले को नोडल अधिकारी बनाया है।

आदर्श और संगवारी मतदान केन्द्रों को आकर्षक रूप से सजाया

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने कृषि उपज मंडी परिसर में स्थित सामग्री वितरण केन्द्र में मतदान दलों एवं संगवारी मतदान केंद्र के महिला मतदान कर्मियों से मुलाकात कर उन्हें सफलतापूर्वक अपने जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए अपनी शुभकामना दी। कलेक्टर श्री छिकारा ने मतदान दलों एवं महिला मतदान कर्मियों से प्राप्त मतदान सामग्रियों का समुचित मिलान आदि के संबंध में जानकारी ली। श्री छिकारा ने मतदान कर्मियों एवं महिला मतदान कर्मियों के जिम्मेदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। सभी मतदान कर्मी अपने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को लेकर बहुत ही प्रसन्नचित लग रहे थे। महिला मतदान कर्मियों ने कहा कि निश्चित रूप से संगवारी मतदान कर्मी के रूप में जिम्मेदारी मिलना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र, 1-1 दिव्यांग मतदान केन्द्र, 1-1 युवा मतदान केन्द्र एवं 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र बनाये गये है। इन मतदान केन्द्रों को आकर्षक रंग रोगन और सजावटी समानों से संवारा गया है, जो देखने में आकर्षक और मतदाताओं को वोट डालने के लिए बेहतर और खुशनुमा माहौल प्रदान कर रह है। इन केन्द्रों में सेल्फी जोन भी बनाया गया है। मतदाता वोट डालने के पश्चात सेल्फी भी ले सकेंगे। साथ ही इन मतदान केन्द्रों में आकर्षक रैम्प और प्रवेश द्वारा बनाया गया है। आदर्श मतदान केन्द्रों का उद्देश्य मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

डीपीएस में सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दिल्ली पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव द्वारा 16 से 20 नवंबर 2023 तक बालक वर्ग की सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश के 20 क्लस्टर की 41 विजेता और उपविजेता टीमों ने भाग लिया है। जिसमें 600 खिलाड़ी, प्रशिक्षक मैनेजर, 60 अम्पायर्स एवं रेफरी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के मैचेस दिल्ली पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव के दो मैदान एवं सांई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव के आठ मैदान पर खेले जायेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लूईस जॉर्ज महासचिव व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया, विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार सिंह सीबीएसई आब्जर्वर, डॉ. आशीष जीवनमाल एमबीबीएस एमडी एनेसथिसिया पीजीडीएफएम कन्सलटेन्ट एट जीवनमल हास्पिटल भाटापारा सीजी एवं अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत शाला के निदेशकगण एवं प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने पुष्प गुच्छ से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित और मशाल जलाकर व गुब्बारे छोड़कर किया। विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। अतिथियों ने सलामी ली। मुख्य अतिथि लूईस जॉर्ज ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अनुशासन में रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमें तुलनात्मक अध्ययन करने की आवश्यकता है।

भाजपा के सभी संकल्प पूरे होंगे : हिमंता बिस्वा सरमा

नगरी/नवप्रदेश। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा ने सिहावा विधानसभा क्षेत्र के मगरलोड में भाजपा प्रत्याशी श्रवण मरकाम के लिए चुनावी सभा की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने अपना जो संकल्प पत्र घोषित किया है, वे सभी संकल्प पूरे होंगे और इसकी गारंटी खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी है। प्रधानमंत्री मोदी भारत के ही नहीं अपितु पूरी दुनिया के नेता बनकर उभरे हैं। पूरी दुनिया जानती है, मोदी जो बोलते है वह करते हैं। तभी तो हम सब कहते हैं- मोदी है तो मुमकिन हैं। मगरलोड में कांग्रेस पर जमकर बरसते हुए कहा कि आज असम में छत्तीसगढ़ के 10 लाख लोग रहते हैं। असम और छत्तीसगढ़ का संबंध पुराना है। वे (श्री शर्मा) माँ कामाख्या की धरती से आए हैं और माँ कौशल्या की पावन धरती को प्रणाम करते हैं। कांग्रेस पार्टी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव जीतने के लिए 2018 में जो बड़े-बड़े वादे किए थे, उनका क्या हश्र हुआ? गंगाजल हाथ में लेकर छत्तीसगढ़ में शराबबंदी करने का वादा किया था, बेरोजगारों को नौकरी और बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं को पांच सौ रुपए प्रतिमाह, हर साल चार गैस सिलेंडर मुफ्त में देने, दो साल का बकाया बोनस, क्या ये सारे वादे पूरा हुए? श्री सरमा ने तंज कसा कि पुराने वादे पूरे नहीं किए और कांग्रेसी अब फिर नए वादे लेकर आ गए। महादेव के नाम से एप बनाकर लूट कर दी। चुनाव में जनता इसका हिसाब लेगी और चुनाव के बाद महादेव हिसाब लेंगे। एप बनाना ही था तो कोई और नाम रख लेते। हमारे आराध्य देव के नाम का उपयोग लूटने के लिए क्यों किया? 508 करोड़ रुपए सट्टे के पैसे का लिया। दिल्ली में भूपेश बघेल और टी.एस. सिंहदेव के बीच ढाई-ढाई साल मुख्यमंत्री बनने पर सहमति बनी थी, पर भूपेश बघेल पूरे पाँच साल तक सीएम बने रहे, ये इनका %सौदाई-कमाल% है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा।

अवैध अंग्रेज़ी शराब परिवहन करते 1 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत अग्रवाल द्वारा शासन के मंशानुसार समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट को अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू. सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इसी क्रम में दिनांक 15.11.2023 को थाना आजाद चौक पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत ललिता चौक रामसागर पारा के पास एक व्यक्ति अपने ऑटो क्रमांक CG 04-LB-2837 में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना आजाद चौक पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति व ऑटो को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम जगदीश मिश्रा पिता हरिशंकर मिश्रा उम्र 34 साल साकिन लालगंज जिला मिर्जापुर उ.प्र. हॉल ऋष्ठ कालोनी हीरापुर बंगाली होटल के पीछे, थाना कबीरनगर रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके ऑटो की तलाशी लेने पर ऑटो के पीछे में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था।

अवैध रूप स शराब बिक्री करते 1 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना गोलबाजार पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत मल्टीलेवल पार्किंग के सामने एक व्यक्ति अपने कार में शराब रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गोलबाजार के नेतृत्व में थाना गोलबाजार पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम शंकर दीप पिता स्व. मोहन दीप उम्र 22 साल पता स्कुलपारा आरवीएच कॉलोनी थाना खमतराई रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके कार में रखें 2 सफेद प्लास्टिक की बोरियों की तलाशी लेने पर बोरियों में अंग्रेजी बॉम्बे माल्ट व्हिस्की शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध रूप से रखे अंग्रेजी शराब कुल 22 लीटर 500 एमएल कीमती लगभग 18,750/- रूपये एवं कार पुराना स्विफ्ट छ्त्र-07-̃-8970 को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गोलबाजार में अपराध क्रमांक 290/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

विधानसभावार उड़नदस्ता दल गठित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले के सीमावर्ती जिलों में होने वाले द्वितीय चरण के मतदान दिवस 17 दिसम्बर 2023 तक निर्वाचन व्यय मानिटरिंग एवं आदर्श आचरण संहिता के अनुपालन के लिए विधानसभावार उड़नदस्ता दल का गठन किया है।

इसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत उड़नदस्ता दल क्रमांक 1 में नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ विजय कुमार साहू एवं उप अभियंता लोक निर्माण विभाग उप संभाग डोंगरगढ़ जितेन्द्र भमारकर शामिल है।

इनका कार्य क्षेत्र बोरतलाव है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत उड़नदस्ता दल क्रमांक 2 में नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय राजनांदगांव सत्यपाल सिंह यादव एवं उप अभियंता लोक निर्माण विभाग उप संभाग क्रमांक 1 राजनांदगांव उप खण्ड सोमनी सीएस सोनवंशी शामिल है। इनका कार्य क्षेत्र सोमनी है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत उड़नदस्ता दल क्रमांक 3 में नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगांव गंगाधर राव एवं उप अभियंता लोक निर्माण विभाग उप संभाग क्रमांक 2 राजनांदगांव केके जाती शामिल है। इनका कार्य क्षेत्र बागनदी है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत उड़नदस्ता दल क्रमांक 4 में नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय कुमर्दा सुश्री अकांक्षा साहू एवं उपअभियंता लोक निर्माण विभाग उप संभाग क्रमांक 2 राजनांदगांव उप खण्ड छुरिया एनके लसेल शामिल है। इनका कार्यक्षेत्र कल्लूबंजारी है। सभी दलों के साथ एक-एक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी रहेंगे।

न्यूज गैलरी

2 फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस ने मंगलवार को दो फरार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार 14 नवंबर को जेएमएफसी न्यायालय साजा के प्रकरण क्रमांक 325/2021 धारा 379, 411, 34 भादवि के स्थाई वारंटी लुकेश साहू पिता भागवत साहू उम्र 25 साल साकिन वार्ड नंबर 2 साहू पारा सहसपुर लोहारा थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम एवं प्रकरण क्रमांक 209/20 धारा 457, 34 भादंवि के वारंटी खुशाल साहू पिता सालिक साहू उम्र 21 साल निवासी वार्ड नंबर 24 दर्रीपारा कवर्धा जिला कबीरधाम को पकड़ा गया। उक्त दोनों स्थायी वारंटियों को न्यायालय में पेश किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी साजा निरीक्षक मुकेश यादव एवं थाना स्टाफ शामिल थे।

कुरूद के 237 बूथों में वोटिंग आज

कुरूद/नवप्रदेश। प्रदेश में दूसरे चरण का मतदान शनिवार को होना है। चुनाव प्रचार ख़त्म होने के बाद मतदाता प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। 17 नवंबर की सुबह 8 बजे मतदान प्रारंभ होकर शाम 5 बजे खत्म होगा। कुरूद के 237 बूथों में वोट डाला जाएगा। इसमें 2,08,382 मतदाता मतदान करेंगे। कुरूद विधानसभा में कुल 2,08,382 मतदाता हैं, इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1,04,338 है और महिला मतदाताओं की 1,04,042 है। साथ ही दो थर्ड जेंडर मतदाता हैं। गुरुवार प्रत्याशियों के लिए बूथ मैनेजमेंट का दिन है, जो कल वास्तविक रूप से प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। इस शीघ्रता की रात में चुनावी दौड़ में जुटे प्रत्याशी अपने तमाम संसाधन चुनाव में झोंकने की कोशिश। चुनाव प्रचार भले ही खत्म हो गया है ऐसे में प्रत्याशी घर-घर जाकर जनता से वादे करने में कोई कसर नहीं रख रहे हैं। आज की रात प्रत्येक प्रत्याशी के लिए भारी रहेगी। ।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही, प्रधान पाठक निलंबित

भटगाव/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन वर्ष 2023 अंतर्गत जनमोहन लाल प्रेमी, प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला कैथा, भाटापारा को निर्वाचन संबंधी दायित्वों में लापरवाही बरतने के कारण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने निलंबित कर दिया है। श्री जगमोहन द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन नहीं किया गया, जिसके फलस्वरुप लापरवाही बरतने के कारण अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया है। उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम (03) के प्रावधानों के विपरीत होने के कारण दंडनीय है। जारी आदेश में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09, 1(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सारंगढ़ में निर्धारित किया गया है। श्री जगमोहन को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

एसपी ने चुनाव में लगे बल को किया रवाना

बेमेतरा/ नवप्रदेश। कृषि उपज मंडी परिसर में विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने गुरुवार 16 नवंबर को मतदान केन्द्रों, सेक्टर पुलिस अधिकारियों एवं अन्य चुनाव कार्य में लगे समस्त पुलिस अधिकारियों को फॉलिंग, ब्रीफिंग कर रवाना किया गया। जिसमें चुनाव आयोग द्वारा जारी नियमों की जानकारी देकर विधानसभा चुनाव निष्पक्षता से सम्पन्न करने हेतु अपनी जवाबदारी एवं भूमिका का कुशल निर्वहन करने, विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये आदर्श अचार सहिता का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

आज 11 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 2.28 लाख मतदाता

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश में दूसरे चरण का मतदान आज 17 नवंबर को होना है। छत्तीसगढ़ का प्रयाग और धर्मनगरी कहे जाने वाले राजिम विधानसभा में इस बार मतदाताओं के बीच स्थानीय और बाहरी प्रत्याशी बड़ा मुद्दा बना हुआ है। शुक्ल परिवार पिछ्ले 70 वर्षों से राजिम से चुनाव लड़ रहे हैं, यहां से जीतने के बाद श्यामाचरण शुक्ल 3 बार अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। किन्तु शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य के क्षेत्र में राजिम को आज भी वो मुकाम नहीं मिल सका जिसकी आवश्यकता थी। आमितेष शुक्ल से लोगों से बात नहीं करने ,कोई भी काम नहीं करने की शिकायत रहती है। उनके कार्यकर्ताओं की भी यही शिकायतें हैं। इस चुनाव में उनकी हर सभा में ये बातें सुनने को मिली। इसी वजह से उन्हें राजिम के कार्यक्रम में राजीव लोचन की कसम खानी पड़ी और कहना पड़ा कि वो अब डायरी और पेन लेकर चलेंगे, सबके संपर्क में रहेंगे और सबका काम करेंगे। विधानसभा में कम उपस्थिति को लेकर भी उनकी काफी फजीहत हुई। इसके उलट बिन्द्रानवागढ़ के विधायक की उपस्थिति विधानसभा में सबसे ज्यादा रही। श्री शुक्ल सबसे कम विधानसभा में उपस्थित रहे।

11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

वर्तमान चुनाव में राजिम विधानसभा क्षेत्र से 11 प्रत्याशी चुनावी समर में हैं। राजिम में भाजपा - आप और कांग्रेस के बीच टक्कर मानी जा रही है। राजिम में भाजपा के युवा प्रत्याशी रोहित साहू की स्थिति काफी मजबूत दिख रही है। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी तेजराम साहू की भी स्थानीय किसानों के बीच अच्छी पहचान है। क्षेत्र की जनता

साहू मतदाता करते हैं जीत हार तय

राजिम में अमितेश शुक्ल के खिलाफ भाजपा ने रोहित साहू को टिकिट दिया है। इस विधानसभा में कुल 2 लाख 28 हजार 132 मतदाता हैं। इसमें 1 लाख 12 हजार 66 पुरुष मतदाता हैं और 1 लाख 16 हजार 48 महिला मतदाता है। राजिम विधानसभा में अनुमानित 72 हजार साहू वोटर्स भी है। राजिम की जनता ने 2003 से लगातार दुबारा किसी भी प्रत्याशी को मौका नहीं दिया है। माना जाता है कि राजिम में हार जीत का समीकरण साहू वोटर्स ही तय करते हैं।

पंडरिया पहुंचा हाथियों का दल गन्ना उत्पादक अन्नदाता परेशान

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में एक बार फिर से गजराज पधार चुके हैं। इस बार वे पंडरिया से 8 किमी दूर जंगल सेमरकांपा में हैं। आसपास गन्ने के खेत से सबसे ज्यादा खतरा है। क्योंकि गन्ना हाथियों का पसंदीदा भोजन है। इस कारण किसान परेशान हो रहे हैं। एमपी के जंगल से होते हुए पंडरिया ब्लॉक तक हाथियों का दल पहुंचा है। इसे लेकर वन विभाग अलर्ट मोड पर है। मौके पर विभाग की टीम मौजूद है। हाथियों के संबंध में इनपुट लिया जा रहा है। यह दल परिक्षेत्र-पूर्व व उपवनमंडल पंडरिया में है। यही कारण है कि विभाग ने क्षेत्र के ग्राम साखूपारा, समरूपारा, बांधा झिरिया, मोहतरा, बूचीपारा के ग्रामीणों को अलर्ट में रखा है। पंडरिया पूर्व एवं पश्चिम का संयुक्त दल बनाकर 8-8 घंटे ड्यूटी लगाकर हाथी क्षेत्रों मे लगातार गश्ती कार्य किया जा रहा है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि कोई भी जंगल न जाए, सतर्क रहे सुरक्षित रहे, एक दूसरे को सतर्क करें, हाथी दिखने पर नजदीकी वन अमला को सूचित करें। घर के पास रात में अंगिठी जलाकर रखे।

साढ़े 6 हजार हेक्टेयर में लगे हैं गन्ने की फसल

पूरे जिले में इस साल 35 हजार 210 हेक्टेयर में गन्ना की फसल ली गई है। इसमें 6 हजार 655 हेक्टेयर में पंडरिया ब्लॉक में गन्ना की फसल ली गई है। ज्यादातर फसल पंडरिया ब्लॉक के मैदानी क्षेत्रों में है। हालांकि जंगल एरिया में भी यह फसल लगाई गई है। हाथियों के दल अगर मैदानी क्षेत्रों में आते हैं तो नुकसान हो सकता है। वैसे भी बीते 4 दिन में हाथियों के दल ने पंडरिया ब्लॉक के कई जंगल क्षेत्र में उत्पात मचाया है। राहत की बात है कि अब तक जनहानि नहीं हुई है।

दो तीन महीने से सक्रिय हैं

कबीरधाम जिले के एमपी बार्डर में हाथियों का दल बीते दो-तीन माह से सक्रिय है। पूर्व में ये बोड़ला व पंडरिया ब्लाक के वनांचल क्षेत्र में दस्तक दे चुके हैं। लेकिन अब तक हाथियों के लगातार मूवमेंट से यह बात स्पष्ट नहीं हो पा रही है। हाथियों को एमपी-सीजी के बार्डर क्षेत्र में उनके अनुसार पर्याप्त भोजन नहीं मिल रहा है, जिसके कारण वे लगातार मूवमेंट कर रहे है। अब हाथी भी भांप चुके हैं कि एमपी क्षेत्र के जंगलों में उनके लिए पर्याप्त खाने की फसल या गर्मी से बचने नदी-नालों का अभाव। हाथियों का झुंड अब कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्र में प्रवेश किया है। जिले में हाथियों के दल के आने की पुष्टि डीएफओ चूणामणि सिंह

2013 को पहली पहुंचे थे

सबसे पहले मार्च 2013 में एक हाथी सिंगपुर बिट क्रमांक 505 में आया था, जो करीब डेढ़ महीने तक नगर व ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में ठहरा हुआ था। साथ ही उसने गुड़ फैक्ट्री व फसलों को क्षति पहुंचाई थी।

मतदान दलों के वाहनों को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

■ सुबह 8 से शाम पांच बजे तक मतदान

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ में दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार 17 नवम्बर को सवेरे 8 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे समाप्त होगा। बुधवार से ही विधानसभा निर्वाचन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सरगर्मियां तेज रही। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पीएस एल्मा निर्वाचन संबंधी सभी गतिविधियों पर नजर बनाये हुए है। उन्होंने आज गुरुवार को अपने समक्ष मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण कराया। मतदान सामग्रियों को वितरण जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर से किया गया। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सुरक्षा को लेकर काफी चौकन्ना और सर्तक है। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई हैं।

आज सबेरे सात बजे से विधानसभा वार निर्वाचन सामग्री का वितरण शुरू हुआ। जो तकरीबन दोपहर बारह बजे तक चला। इसके लिए 39 टेबल लगायी गयी। एक टेबल पर तीन अधिकारी-कर्मचारियों ने सामग्री का वितरण किया। वही स्ट्रांग रूम से ईवीएम व वीवीपैड कर्मचारी अलग से लगाये गये। पूरा मतदान कार्य सम्पन्न कराने में 3500 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गयी है। अतिरिक्त कर्मचारी अलग से शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पीएस एल्मा ने नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की मतदान दल की पहली खेप को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्टर ने मतदान दलों को दी शुभकामनाएं

बलौदाबाजार-भाटापारा/ नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने गुरुवार को जिले के सभी चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्रों के लिए बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र नवीन मंडी परिसर का निरीक्षण कर जायजा लिया।

कलेक्टर श्री कुमार ने मतदान दलों को निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी मतदान दलों को मतदान के सुचारू संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया गया है और सामग्री लेकर वे रवाना हो रहे हैं। उन्होंने स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे का अवलोकन किया। उन्होंने संगवारी मतदान केन्द्र के लिए लगे रिजर्व मतदान दल की महिलाओं से बात की और रिजर्व मतदान दलों के रहने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मतदान दलों के गाडियों में जीपीएस सिस्टम लगाये जाने के संबंध में जिला परिवहन अधिकारी से जानकारी ली।

68 आदर्श, 35 संगवारी और युवा व दिव्यांगों के लिए 4-4 मतदान केन्द्र

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र कुल 1009 मतदान केन्द्र हैं। इसके अतिरिक्त बिलाईगढ़ विधानसभा से संबंधित भी मतदान केन्द्र शामिल हैं। इन 1009 मतदान केन्द्रों में 68 आदर्श, 35 संगवारी सहित युवा एवं दिव्यांगों के लिए 4-4 मतदान केंद्र बनाए गए है। खास बात यह है कि इन सभी 35 संगवारी मतदान केन्द्रों में पीठासीन से लेकर मतदान दल क्रमांक 1, 2 और 3 सभी महिला कर्मचारी होंगे। उक्त 35 मतदान केन्द्रों में बिलाईगढ़ 5, कसडोल 10, बलौदाबाजार 10 एवं भाटापारा के 10 मतदान केन्द्र शामिल हैं।

जिसमें बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र-43 के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक-1 बलौदा पूर्व माध्यमिक शाला भवन जुनाडीह, 21-शास. प्राथमिक शाला गिधौरी, 16-शास. हाई स्कूल टुण्डरा, 17-शास. कन्या प्राथमिक शाला टुण्डरा, 4-शास. प्राथमिक शाला भवन हसुवा शामिल है। इसी तरह कसडोल विधानसभा क्षेत्र-44 के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक-23-शास. प्राथमिक शाला भवन बिटकुली, 25-पनगांव शास. प्राथमिक शाला भवन बम्हनपुरी, 138-अति.कक्ष मिनीमाता शा.कन्या पू.मा.शा. कसडोल, 139-डा.कन्हैयालाल शर्मा शा.आ.प्रा.शा. कसडोल, 152-स्वामी आत्मा.इ.मि.स्कूल लवन, 221-अति. प्रा.शा.भवन अमेरा, 260-पू.मा.कन्या शाला पलारी, 263-स्वामी आत्मा.उ.इ.मि.स्कूल पलारी, 308-पूर्व माध्यमिक शाला भवन कुसमी, 331-शास. प्राथमिक शाला भवन घोटिया शामिल है। इसी प्रकार बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र-45 के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 56- शास. प्राथमिक शाला भवन कोकड़ी, 57-शास. प्राथमिक शाला भवन परसाभदेर, 70-शा.प्रा.शा.भवन रवान, 112-शास. पूर्व माध्यमिक शाला भवन लटुवा, 116-नवीन प्रा.शा.भवन बलौदाबाजार,119-उ.मा.शा. भवन चक्रपाणी बलौदाबाजार, 121-सेठ रघुनाथ प्रसाद केसरवानी बेसिक शा.भवन बलौदाबाजार, 131-पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी क.उ.मा.शा. भवन बलौदाबाजार, 134-शास.प्रा.शा. गांधी चौक बलौदाबाजार, 139-शास. प्राथमिक शाला भवन सकरी शामिल है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

1,63,14,479 मतदाता आज चुनेंगे....

की संख्या 81 लाख 41 हजार 624 है, महिला मतदाता की संख्या 81 लाख 72 हजार 171 है और 684 तृतीय लिंग मतदाता भी शामिल हैं। इसमें 1 थर्डजेंडर समेत 958 प्रत्याशी चुनावी मैदान में होंगे, जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और 1 तृतीय लिंग प्रत्याशी हैं।

18 हजार 833 मतदान केंद्र

सुगम मतदान सुनिश्चित करने के लिए कुल 18 हजार 833 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 700 संगवारी मतदान केंद्र हैं जहां सिर्फमहिला मतदान कर्मी ही पदस्थ रहेंगी। बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के 9 मतदान केंद्रों में ही सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान कराए जाएंगे। इसमें कामरभौदी, आमामोरा, ओढ, बड़े गोबरा, गंवरगांव, गरीबा, नागेश, सहबीनकछार और कोदोमाली मतदान केंद्र शामिल हैं। इनके अलावा बिंद्रानवागढ़ के बाकी मतदान केंद्रों में 69 विधानसभा क्षेत्रों समय के अनुसार ही वोट डाले जाएंगे।

'हैप्पी वोटिंग'

विशेष प्रेक्षकों ने 'हैप्पी वोटिंग' पर जोर देने के साथ ही शांतिपूर्ण और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए जांच और कार्रवाई में तेजी लाने को कहा। होम वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के बाद छूटे 80 वर्ष या उससे अधिक के बुजुर्ग और दिव्यांगजनों को मतदान केन्द्र तक लाने-ले जाने के लिए परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। मतदान के लिए नियुक्त मतदाता मित्रों की ओर से इन्हें मतदान केन्द्र तक ले जाया जाएगा। परिवहन की सुविधा मुहैया कराए जाने की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रखते हुए उन्होंने प्रत्याशियों को भी इसकी सूचना देने को कहा।

'हैप्पी वोटिंग'

विशेष प्रेक्षकों ने 'हैप्पी वोटिंग' पर जोर देने के साथ ही शांतिपूर्ण और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए जांच और कार्रवाई में तेजी लाने को कहा। होम वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के बाद छूटे 80 वर्ष या उससे अधिक के बुजुर्ग और दिव्यांगजनों को मतदान केन्द्र तक लाने-ले जाने के लिए परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। मतदान के लिए नियुक्त मतदाता मित्रों की ओर से इन्हें मतदान केन्द्र तक ले जाया जाएगा। परिवहन की सुविधा मुहैया कराए जाने की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रखते हुए उन्होंने प्रत्याशियों को भी इसकी सूचना देने को कहा।

भाजपा के शीर्ष नेताओं की ..

ढाई वर्ष पहले से भाजपा यहां लोकसभा और विधानसभा के दोनों की चुनाव की तैयारी कर रही है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने की जगह भाजपा केंद्रीय राज्य मंत्री समेत चार सांसदों सहित कई दिग्गजों को मैदान में उतार चुकी है। बड़े चेहरों की चर्चा सीएम पद के दावेदार के रूप में हो रही है। दूसरी ओर कांग्रेस में यह साफ है कि सत्ता में आने के बाद भूपेश बघेल ही सीएम होंगे।

भारत की जीडीपी 2024-26 के ...

रहता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अनिश्चितताओं का भारतीय अर्थव्यवस्था पर कम असर होगा। धीमी वैश्विक वृद्धि और बाहरी मांग से आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ेगा और इससे मुद्रास्फीति और बढ़ सकती है। हालांकि, यह देखते हुए कि भारत घरेलू रूप से उन्मुख है, एजेंसी को उम्मीद है कि आर्थिक विकास कम प्रभावित होगा।

10 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

कवर्धा/नवप्रदेश। बुधवार 15 नवंबर को जुआ खेलते 10 जुआरी पकड़े गए। बुधवार को थाने में मुखबीरों ने सूचना दी की कि ग्राम सिल्हाटी के खेत में कुछ असामाजिक प्रवृत्ति के लोगों द्वारा नगदी रकम का दाव लगाकर 52 पत्ती ताश के माध्यम से हार जीत पर दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल मौके पर पुलिस टीम रवाना किया गया। जहां आरोपियों को जुआ खेलते रंगे हाथों पुलिस टीम द्वारा धरदबोचा गया। जिसमें (1)युसूफ खान,(2) लेखराम कलार,(3) विदेशी राम गोड,(4) मोहम्मद इरफान खान,(5) नाना पटेल,(6) जागेश्वर जांगड़े,(7) तमेजुद्दीन खान,(8) प्रभाकर श्रीवास,(9) ईसाक कुरैशी,(10) अरशद खान थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा गया। जिनके कब्जे से 52 पत्ती ताश एवं नगदी रकम 68500/ रुपये को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया।

गौरी-गौरा की पूजा कर गायों को बांधी सोहई

नगरी/नवप्रदेश। गांवों में गौरी गौरा की पारंपरिक तरीके से होती है पूजा। लक्ष्मी पूजा के अगले दिन इसे शोभायात्रा के साथ विसरजित किया जाता है। इसके पहले रात भर में मिट्टी को गौरी गौरा का आकार देकर पूजा की जाती है। गौरी गौरा को माताओं एवं कन्याओं ने धारण किया था। लक्ष्मी पूजा के दिन गौरा सार से गौरा माटी विधिवत तरीके से लाई गई। गौरा गौरी की प्रतिमा का रूप दिया गया। गौरा चौरा पर गौरा जागरण कर लक्ष्मी पूजा के दिन तक प्रतिदिन सेवा की जाती रही है। दूसरे दिन बाजे गाजे के साथ गौरा गौरी की प्रतिमा का विसर्जन कर गायों को खिचड़ी खिलाई गई। इस मौके पर डिगेन्द्र साहू एण्ड ग्रुप की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।इस अवसर पर गौरा गौरी समिति लाईन चुरियारा पारा के अध्यक्ष रामस्वरूप अमतिया, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा , एल्डरमेन नरेश छेदैहा, पार्षद पूनम छाबड़ा, पार्षद प्रफुल्ल अमतिया, खेदूराम यादव, घनाराम साहु, लोकेश अमतिया, भरत साहू कौशल साहू, दीनदयाल सरपा, सुखु राम साहू, नरेंद्र प्रजापति, देवी चंद ढेलढ़िया, झाड़ू राम यादव, बीआर देवांगन, ईश्वर साहू, दुर्गेश नंदन शर्मा नरेन्द्र नाग, महेंद्र सोरी, अशोक अमतिया, बसंत हिरवानी, शिवा प्रजापति ऋषि प्रजापति, चंदू ध्रुव, रोहित अमतिया, श्रीमती गोदावरी छेदैहा, माधुरी ध्रुव अमरिका मरकाम, चमेली बाई अमतिया, मानकुंवर ध्रुव, पुनीता नेताम के अलावा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान आज

■ 6 हजार से अधिक कर्मचारी-अधिकारी कराएंगे मतदान

बलौदाबाजार -भाटापारा/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन 2023 कार्य को सुचारू संपन्न कराने के लिए आज जिले में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र से मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। जिले में मतदान तिथि शनिवार 17 नवंबर को मतदान सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार के मार्गदर्शन में मतदान दलों को मतदान कार्य के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी परिसर में मतदान दलों ने निर्वाचन कार्य के लिए सामग्री ली एवं अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्र के लिए निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने रवाना हुए। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया है, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसी होगी।

पहली बार वेबकास्टिंग की सुविधा, निर्वाचन आयोग रखेगी सीधी नजर

बलौदाबाजार भाटापारा जिले में मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों में मतदान गतिविधियों पर निगरानी करने के लिए 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग किया जाएगा। जिसके बिलाईगढ़ 21, कसडोल में 214, बलौदाबाजार 110 एवं भाटापारा में 160 मतदान केंद्रों की सीधी वेबकास्टिंग की जाएगी। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए स्काउट-गाईड,एनसीसी कैडेट का सहयोग लिया जाएगा।

जिले में 1 हजार 9 पोलिंग बूथ

जिले में चारों विधान सभा क्षेत्र के लिए 1 हजार 9 मतदान केंद्र बनाएं गए है। जिसमें बिलाईगढ़ में 129, कसडोल में 402, बलौदाबाजार 196 एवं भाटापारा में 282 मतदान केंद्र शामिल है। जिसमें से,1 अति संवेदन शील एवं 437 राजनैतिक संवेदन शील मतदान केंद्र है। 1009 मतदान केंद्रों के लिए 6 हजार से अधिक अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी पीठासीन,मतदान अधिकारी-1,2 एवं 3, सेक्टर अधिकारी, जोनल अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, नोडल अधिकारी के रूप में लगाई गई है। इसके साथ ही शांति पूर्ण मतदान कराने के उद्देश्य से सीआईएसएफ के 24 कंपनी के 2400 जवान और 1500 पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है।

8 लाख 94 हजार 582 वोटर

बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कुल 8लाख 94 हजार 582 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। जिसमें 4 लाख 47हजार 430 पुरुष,4 लाख 47 हजार 136 महिला, 8155 दिव्यांग तथा 16 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ में मतदान केंद्र संख्या 129, कुल मतदाता 1 लाख 1 हजार 635,पुरुष 51140, महिला 50494,दिव्यांग 820 एवं तृतीय लिंग 1, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 कसडोल में मतदान केंद्र 402, कुल मतदाता संख्या 361626, पुरुष 181287, महिला 180336, दिव्यांग 3335 एवं तृतीय लिंग 3, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 बलौदाबाजार में मतदान केंद्र संख्या 196, कुल मतदाता 1 लाख 78 हजार 576,पुरुष 89 हजार 10,महिला 89 हजार 566, दिव्यांग 1664 एवं तृतीय लिंग 00, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा में मतदान केंद्र संख्या 282, कुल मतदाता 2 लाख 52 हजार 745, पुरुष 1 लाख 25 हजार 993,महिला 1 लाख 26 हजार 740, दिव्यांग 2336 एवं तृतीय लिंग 12 मतदाता हैं।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी रायपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.- 169 श्री भावेश दुबे पिता श्री स्व. मणीलाल दुबे को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 22.11.2012 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 18.07.23 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती आकांक्षा जैन पति श्री अभिनव जैन के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

भाजपा के पन्द्रह व कांग्रेस के पांच साल के कामकाज का मूल्यांकन करें : वोरा

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में डोर टू डोर जनसंपर्क कर सहयोग और समर्थन का आशीर्वाद मांगा। श्री वोरा ने कहा कि भाजपा सरकार के पन्द्रह साल और कांग्रेस सरकार के पांच साल के कामकाज का मूल्यांकन करने का समय आ गया है। इसका फैसला 17 नवम्बर को कांग्रेस को विजयी बनाने 1 नंबर पर बटन दबाकर करना है। श्री वोरा ने कहा कि यह आप लोगों के स्नेह आशीर्वाद और शुभकामनाओं का ही परिणाम है कि बाबूजी के बाद मुझे आपकी सेवा करने का अवसर मिलता रहा है।

यह सब आपके विश्वास और मार्गदर्शन से ही संभव हो पाया है। अब आपके साथ मेरा एक अटूट रिश्ता बन गया है। आज हमारे बीच बाबूजी नहीं है लेकिन आप लोगों के स्नेह और प्यार ने मुझे इसकी कमी महसूस नहीं होने दी है। साजिशों के तहत प्रसारित नफरत भेदभाव और भय की स्तरहीन राजनीति के खिलाफ हमेशा संघर्षरत रहे हैं। निरंतर सक्रिय रहने की प्रेरणा बाबूजी और आपके विश्वास से मिली है। पिछले 5 वर्ष के शासन काल में विकास करके दुर्ग शहर के स्वरुप को बदलने का पूरा प्रयास किया है। आने वाले समय में दुर्ग शहर को सबसे विकसित शहर बनाना है। यह आपके सहयोग और समर्थन से संभव है। श्री वोरा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार भरोसे की सरकार रही है। कांग्रेस ने अपने नए घोषणा पत्र में 32 सौ रुपए क्विंटल में धान खरीदी के साथ पहले की तरह इस बार भी कर्ज माफ करने का वादा किया है। 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी होगी। सभी सरकारी स्कूलो में केजी से पीजी तक निःशुल्क शिक्षा, 200 यूनिट बिजली फ्री भूमिहीनो को 10 हजार प्रति वर्ष, 17.50 लाख गरीब परिवार को आवास 10 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज के साथ गृहलक्ष्मी योजना की घोषणा ऐतिहासिक व जनकल्याणकारी है।

लोकतंत्र का महापर्व आज, 14 लाख मतदाता चुनेंगे अपना विधायक

दुर्ग/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत जिले के 14 लाख 31 हजार 350 मतदाता अपने जनप्रतिनिधि चुनेंगे। जिसमें 7 लाख 12 हजार 67 पुरूष मतदाता एवं महिला मतदाता 7 लाख 19 हजार 228 तथा तृतीय लिंग 55 मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन के कुल मतदाता 216661 है जिसमें पुरूष मतदाता 107574 एवं महिला 109086 तथा अन्य 1 मतदाता है।

विधानसभा क्षेत्र 63 दुर्ग ग्रामीण में कुल मतदाता 219978 है, जिसमें मतदाता पुरूष 109526 एवं महिला 110447 तथा अन्य 5 मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र 64 दुर्ग शहर में कुल मतदाता 227244 है, जिसमें पुरूष 111426 एवं महिला 115797 तथा अन्य 21 मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर में कुल मतदाता 168345 है, जिसमें मतदाता पुरूष 84500 एवं महिला 83842 तथा अन्य 3 मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र 66 वैशाली नगर में कुल मतदाता 250471 है, जिसमें पुरूष 125410 एवं महिला 125050 तथा अन्य 11 मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र 67 अहिवारा में कुल मतदाता 244255 है, जिसमें मतदाता पुरूष 120942 एवं महिला 123301 व अन्य 12 मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र 68 साजा (आंशिक) में कुल मतदाता 86165 है। मतदाता पुरूष 43510 एवं महिला 42653 व अन्य 2 मतदाता है।

गृहमंत्री साहू पाऊवारा में करेंगे मतदान

दुर्ग/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव 2023 के दूसरे चरण का चुनाव शुक्रवार 17 नवंबर को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू अपने गृहग्राम के शास. उच्च. माध्यामिक स्कूल ग्राम पंचायत पाऊवारा में सुबह 8 बजे बूथ क्रमांक 206 में अपना मतदान करेंगे।

श्री साहू ने सबसे मतदान की अपील की है। अपना आशीर्वाद प्रदान करें। श्री साहू ने कहा कि किसानों, मजदूरों, महिलाओं और आम जनता के लिए कांग्रेस हमेशा खड़ी रही है।

कांग्रेस ने जो वादा किया था उसे निभाया। और इस बार भी जो आपसे वादा किया है कि उन्हें निश्चित ही पूरा करेंगे। इसलिए आप सभी लोग मतदान अवश्य करें और पूर्ण बहुमत से छत्तीसगढ़ में भरोसे की सरकार पुनः बनाए।

शहर में डेंगू का 1 नया प्रकरण मिला

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 16 नवंबर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के 01 नये प्रकरण मिले। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव 01 मरीज भर्ती है। जो मैत्री कुंज रिसाली का रहवासी है। मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण/शहरीय की टीम द्वारा कुल 182741 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है, जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-208124 जिनमें से 85782 खाली कराये गये। सभी कटेनरों में 119437 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया, 178733 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा। उस दिन घर के सारे कन्टेनर जैसे कुलर, पानी टंकी व अन्य जिसमें बारिश का पानी एकत्रित हो उत्तको समतल जगह में उस पानी की निकासी की जाये। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कारगर होगा। अपील नही मानने पर यदि किसी घर मे पहली बार लार्वा मिलता है तो नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा समझाईश दी जाएगी और दुसरी बार लार्वा मिलने पर 500 रू. से लेकर 5000रू. तक का अर्थदंड वसूला जाएगा जिसकी जवाबदारी स्वयं की होगी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी. बी. एस. बंजारे के द्वारा लोगो से यह अपील की गई है, कि बुखार आने पर मलेरिया एवं डेंगू की जाँच की जाये। डेंगू एवं मलेरिया की जाँच जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सभी सामु.स्वा. केन्द्र / प्राथ. स्वा.के. शहरी प्राथ. स्वा. केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में जॉच निःशुल्क किया जा रहा है। जाँच के उपरान्त ही डॉक्टर के परामर्श से दवा लेना उचित होगा। **

मतदाताओं की सुविधाओं के लिए महिला, दिव्यांग व युवा वर्ग प्रबंधित मतदान केंद्र किए स्थापित

दुर्ग/नवप्रदेश।विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान मतदाताओं को प्रेरित करने एवं मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से जिले के विधानसभा क्षेत्र पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर एवं अहिवारा सहित सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र (महिला कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र), 1-1 दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र, 5-5 आदर्श मतदान केंद्र व 1-1 युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों की स्थापना की गई है। जिले में कुल 60 संगवारी मतदान केन्द्र, 06 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, 06 युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा 30 आदर्श मतदान केन्द्र की स्थापना की गई है।

आदर्श मतदान केंद्र बना आकर्षण का केंद्र

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रसिद्ध तांदुला जलाशय के थीम पर शासकीय प्राथमिक शाला भवन झलमला में स्थापित किए गए आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 79 लोगों में खासा आकर्षण का केंद्र बन गया है।

उल्लेखनीय है कि इस आदर्श मतदान केंद्र में तांदुला जलाशय के गेट, नहर-नाली, जलाशय में जल भराव इत्यादि को बहुत ही आकर्षक एवं सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा मतदान केंद्र परिसर में तांदुला जलाशय की थीम पर बेहतरीन सेल्फी जोन का भी निर्माण किया गया है।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर मतदान केंद्रों के लिए किया रवाना

बालोद/नवप्रदेश। विधानसभा आम निर्वाचन के कार्य को सफ्लतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जिले के सभी मतदान दल आज मतदान सामग्रियों के साथ अपने-अपने मतदान केंद्रों में पहुँच चुके हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा और पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने सुबह सामग्री वितरण केंद्र लाइवलीहुड कॉलेज परिसर पाकुरभाट से मतदान दलों को ले जा रही बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने मतदान कर्मियों को ले जा रही बसों में चढ़कर मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर श्री शर्मा मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य को सफ्लतापूर्वक संपन्न कराने हेतु अपनी शुभकामनाएं भी दी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार 17 नवंबर को जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों में सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान संपन्न होगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में मतदान के कार्य को सफ्लतापूर्वक संपन्न कराने सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। कलेक्टर श्री शर्मा आज लाइवलीहुड कॉलेज परिसर पाकुरभाट में पहुँचकर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदान सामग्रियों के वितरण कार्य का अवलोकन किया।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही सहायक प्राध्यापक निलंबित

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने निर्वाचन कार्य में घोर लापरवाही बरते जाने के फ्लस्वरूप लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 20 क तथा सिविल सेवा आचरण नियम के तहत् श्री भागवत कुर्रे सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय बोरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा इस अवधि में श्री कुर्रे का मुख्यालय शासकीय महाविद्यालय धमधा होगा। ज्ञात हो कि सहायक प्रध्यापक श्री कुर्रे की ड्युटी विधानसभा क्षेत्र क्रं. 68 साजा (आंशिक) के उड़नदस्ता क्रं. 2 के दल प्रभारी के रूप में लगाई गई है। उनके विरूद्ध प्राप्त शिकायत की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा की गई। जांच प्रतिवेदन अनुसार श्री भागवत कुर्रे का कृत्य प्रथम दृष्टया संदिग्ध होना पाया गया है।--

दैवेभो को नियमित किया जाएगा : गजेन्द्र

भिलाई नगर/नवप्रदेश। भाजपा दुर्ग शहर विधानसभा प्रत्याशी गजेंद्र यादव ने मतदान के 1 दिन पूर्व शहर के विभिन्न क्षेत्र में जनसंपर्क किया। समाज के प्रमुखों के साथ बैठक समाज के गुरुजन से मिलकर आशीर्वाद लिया। साथ ही अधिवक्ता संघ के सदस्यों एवं शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित मातर तिहार में शामिल हुए। प्रदेश में भाजपा की सरकार बन सके और शहर के घोषणा वीर विधायक अरुण वोरा से छुटकारा पा सके।

भाजपा सरकार बनते ही अनियमित, संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण के अपने संकल्प की पूर्ति के लिए कदम उठाएगी। भाजपा सरकार पंचायत सचिवों को नियमित कर उनका बकाया एरियर पीपीएफ में जोड़ा जाएगा। छत्तीसगढ़ में दिसंबर में बनने जा रही भाजपा की सरकार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र सरकार द्वारा दिए जा रहे डी.ए. के समान डी.ए. देगी। भाजपा सरकार मितानिन (आशा) कर्मचारियों को एनएचएम के अंतर्गत स्थायी रूप से लिए जाने के लिए केंद्र सरकार के साथ चर्चा कर पहल करेगी। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार मितानिन कर्मचारियों के मासिक मानदेय और शिक्षा विभाग में कार्यरत सफाई कर्मी व मध्याह्न भोजन रसोइयों के वेतन में 50 फीसदी की वृद्धि करेगी। इसी प्रकार तृतीय और चतुर्थ वर्ग के पुलिस कर्मियों के लिए पुलिस क्वार्टर्स के निर्माण के लिए पुलिस कल्याण कोष को सशक्त करेंगे जबकि वादे के बावजूद कांग्रेस की भूपेश सरकार ने पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए कोई काम नहीं किया और इसे लेकर पुलिस कर्मियों को आंदोलन तक करना पड़ा जिसमें उनके परिजनों से दुर्व्यवहार तक किया गया। कांग्रेस सरकार ने अनियमित, संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को वादा करके भी नियमित नहीं किया। उन्होंने सभी कर्मचारियों से मतदान के द्वितीय चरण में भाजपा के पक्ष में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही सभी रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती करके युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा। भाजपा ने 2.5 लाख युवाओं को भर्तियों के माध्यम से रोजगार प्रदान करने का संकल्प व्यक्त किया है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ को इनोवेशन हब के रूप में विकसित करके 6 लाख युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना के तहत प्रदेश के युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ब्याजमुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली कांग्रेस सरकार ने जिस तरह पीएससी परीक्षाओं में गड़बड़ी की, उसकी जाँच करके दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। पीएससी और व्यापमं जैसी सभी प्रमुख परीक्षाओं के लिए यूपीएससी की तर्ज पर वार्षिक कैलेंडर बनाया जाएगा और हर ब्लॉक में कम-से-कम एक परीक्षा केंद्र स्थापित करेंगे। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए अत्याधुनिक ओलंपिक प्रशिक्षण अकादमी स्थापित कर भाजपा सरकार युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करेगी।

दूसरे चरण में इन 70 सीटों पर बीजेपी-कांग्रेस के ये प्रत्याशी होंगे आमने-सामने

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर दूसरे चरण में 70 विधानसभा सीटों पर 17 नवंबर को चुनाव कराए जाएंगे। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने पूरी तैयारी कर रखी है। इन 70 सीटों में 34 सीटें वीआईपी हैं। पहले चरण में 7 नवंबर को 20 विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव में से 10 सीटें वीआईपी थीं। कुल मिलाकर प्रदेश में 44 सीटें हाई प्रोफाइल हैं। इन सीटों पर बीजेपी, कांग्रेस और जेसीसीजे के दिग्गज नेताओं के बीच मुकाबला होगा। भाजपा, कांग्रेस और जेसीसीजे के प्रत्याशी एक दूसरे को कड़ी टक्कर देंगे। पहले चरण में 7 नवंबर को 20 विधानसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हुए थे। इसके तहत छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित संभाग बस्तर की 12 सीटें और दुर्ग संभाग के नक्सल प्रभावित जिले राजनांदगांव, कवर्धा और खैरागढ़ की 8 विधानसभा सीटों पर चुनाव हुए थे। पहले चरण में कुल 78 प्रतिशत मतदान हुआ था। बस्तर की सभी 12 सहित कुल 16 सीटों पर पिछले चुनावें की तुलना में इस बार अधिक वोटिंग हुई है। वहीं 2018 की तुलना में 4 सीटों पर कम मतदान हुआ है। इन 4 सीटों में कबीरधाम जिला की दोनों सीट पंडरिया और कवर्धा के साथ खैरागढ़- छुईखदान जिला की खैरागढ़ सीट और राजनांदगांव जिला की खुज्जी सीट शामिल है। बस्तर संभाग की सभी 12 सीटों पर इस बार रिकार्ड तोड़ वोटिंग हुई है।

दूसरे चरण में बीजेपी-कांग्रेस के ये प्रत्याशी होंगे आमने-सामने

सीतापुर से बीजेपी प्रत्याशी रामकुमार टोप्पो के सामने कांग्रेस प्रत्याशी अमरजीत भगत
लुंड्रा से भाजपा प्रत्याशी प्रमोद मिंज के सामने कांग्रेस प्रत्याशी प्रीतम राम
जशपुर से भाजपा प्रत्याशी रायमुनि भगत के सामने कांग्रेस प्रत्याशी विनय कुमार भगत
कुनकुरी से विष्णुदेव साय के सामने कांग्रेस प्रत्याशी यूडी मिंज
पत्थलगांव से भाजपा प्रत्याशी गोमती साय के सामने कांग्रेस प्रत्याशी रामपुकार सिंह
प्रेमनगर से भाजपा प्रत्याशी भूलन सी मरावी के सामने कांग्रेस प्रत्याशी खेलसाय सिंह
भटगांव से भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी राजवाड़े के सामने कांग्रेस प्रत्याशी पारसनाथ राजवाड़े
प्रतापपुर से भाजपा प्रत्याशी शकुंतला के सामने कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमारी मरावी
रामानुजगंज से भाजपा प्रत्याशी राम विचार नेताम के सामने कांग्रेस प्रत्याशी अजय तिर्की
सामरी भाजपा प्रत्याशी उधेश्वरी पैकरा के सामने कांग्रेस प्रत्याशी विजय पैकरा
बैकुंठपुर से भाजपा प्रत्याशी भैयालाल राजवाड़े के सामने कांग्रेस प्रत्याशीअंबिका सिंहदेव
मनेंद्रगढ़ से भाजपा प्रत्याशी श्याम बिहारी जायसवाल के सामने कांग्रेस प्रत्याशी रमेश सिंह
भरतपुर-सोनहत से भाजपा प्रत्याशी रेणुका सिंह के सामने कांग्रेस प्रत्याशी गुलाब सिंह कमरो
बिलासपुर से भाजपा प्रत्याशी अमर अग्रवाल के सामने कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश पांडे
कोटा से भाजपा प्रत्याशी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव के सामने कांग्रेस प्रत्याशी अटल श्रीवास्तव
तखतपुर से भाजपा प्रत्याशी धर्मजीत सिंह के सामने कांग्रेस प्रत्याशी रश्मि सिंह
बिल्हा से भाजपा प्रत्याशी धरमलाल कौशिक के सामने कांग्रेस प्रत्याशी सियाराम कौशिक
मस्तूरी से भाजपा प्रत्याशी कृष्णमूर्ति बंदी के सामने कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप लहरिया
बेलतरा से भाजपा प्रत्याशी सुशांत शुक्ला के सामने कांग्रेस प्रत्याशी विजय केसरवानी
मुंगेली से भाजपा प्रत्याशी पुन्नी लाल मोहले के सामने कांग्रेस प्रत्याशी संजीत बनर्जी
लोरमी से भाजपा प्रत्याशी अरुण साव के सामने कांग्रेस प्रत्याशी थानेश्वर साहू
मरवाही से भाजपा प्रत्याशी प्रणव कुमार मरपच्ची के सामने कांग्रेस प्रत्याशी केके ध्रुव
जांजगीर चांपा से भाजपा प्रत्याशी नारायण चंदेल के सामने कांग्रेस प्रत्याशी व्यास कश्यप
अकलतरा से भाजपा प्रत्याशी सौरभ सिंह के सामने कांग्रेस प्रत्याशी राघवेंद्र सिंह
पामगढ़ से भाजपा प्रत्याशी संतोष लहरे के सामने कांग्रेस प्रत्याशी शहद हरबंस
सक्ति से बीजेपी प्रत्याशी खिलावन साहू के सामने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. चरणदास महंत
चंद्रपुर से भाजपा प्रत्याशी संयोगिता सिंह जूदेव के सामने कांग्रेस प्रत्याशी रामकुमार यादव
जैजैपुर से भाजपा प्रत्याशी कृष्णकांत चंद्र के सामनेकांग्रेस प्रत्याशी बालेश्वर साहू
लैलूंगा से भाजपा प्रत्याशी सुनीता सत्यानंद रठिया के सामने कांग्रेस प्रत्याशी विद्यावती सिदार
रायगढ़ से भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी के सामने कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश नायक
खरसिया से बीजेपी प्रत्याशी महेश साहू के सामने कांग्रेस प्रत्याशी उमेश पटेल
धरमजयगढ़ से भाजपा प्रत्याशी हरिश्चंद्र रठिया के सामने कांग्रेस प्रत्याशी लालजीत राठिया
कोरबा से बीजेपी प्रत्याशी लखनलाल देवांगन के सामने कांग्रेस प्रत्याशी जयसिंह अग्रवाल
कटघोरा से भाजपा प्रत्याशी प्रेमचंद पटेल के सामने कांग्रेस प्रत्याशी पुरुषोत्तम कंवर
पाली-तानाखार से भाजपा प्रत्याशी रामदयाल उइके के सामने कांग्रेस प्रत्याशी दिलेश्वरी सिदार
रामपुर से भाजपा प्रत्याशी ननकी रामकवंर के सामने कांग्रेस प्रत्याशी फूलसिंह रठिया
बलौदाबाजार से भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा के सामने कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी
भाटापारा से भाजपा प्रत्याशी शिवरतन शर्मा के सामने कांग्रेस प्रत्याशी इंदर कुमार साव
कसडोल से भाजपा प्रत्याशी धनीराम धीवर के सामने कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू
बिलाईगढ़ से भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल जांगड़े के सामने कांग्रेस प्रत्याशी कविता प्राण लहरे
सारंगढ़ से भाजपा प्रत्याशी शिव कुमारी चौहान के सामने कांग्रेस प्रत्याशी उत्तरी जांगड़े
रायपुर दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के सामने कांग्रेस प्रत्याशी महंत रामसुंदर दास
रायपुर पश्चिम से भाजपा प्रत्याशी राजेश मूणत के सामने कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय
रायपुर उत्तर से भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा के सामने कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा
रायपुर ग्रामीण से भाजपा प्रत्याशी मोतीलाल साहू के सामने कांग्रेस प्रत्याशी पंकज शर्मा
धरसींवा से भाजपा प्रत्याशी अनूज शर्मा के सामने कांग्रेस प्रत्याशी छाया वर्मा
अभनपुर से भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू के सामने कांग्रेस प्रत्याशी धनेंद्र साहू
आरंग से बीजेपी प्रत्याशी गुरु खुशवंत सिंह के सामने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया
बिंद्रानवागढ़ से भाजपा प्रत्याशी गोवर्धन राम मांझी के सामने कांग्रेस प्रत्याशी जनकलाल ध्रुव
राजिम से भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू के सामने कांग्रेस प्रत्याशी अमितेष शुक्ला
संजारी बालोद से भाजपा प्रत्याशी राकेश यादव के सामने कांग्रेस प्रत्याशी संगीता सिन्हा
डोंडीलोहारा से बीजेपी प्रत्याशी देवलाल हलवा ठाकुर के सामने कांग्रेस प्रत्याशी अनिला भेड़िया
गुंडरदेही से भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार साहू के सामने कांग्रेस प्रत्याशी कंवर सिंह निषाद
दुर्ग शहर से भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र यादव के सामने कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा
दुर्ग ग्रामीण से बीजेपी प्रत्याशी ललित चंद्राकर के सामने कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू
भिलाई नगर से भाजपा प्रत्याशी से प्रेम प्रकाश पांडे के सामने कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव
वैशाली नगर भाजपा प्रत्याशी राकेश सेन के सामने कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर

अहिवारा से भाजपा प्रत्याशी डोमन लाल कोर्ट के सामने कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल कोसरे
पाटन से बीजेपी प्रत्याशी दुर्ग सांसद विजय बघेल के सामने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल
बेमेतरा से भाजपा प्रत्याशी दीपेश साहू के सामने कांग्रेस प्रत्याशी आशीष छाबड़ा
साजा से बीजेपी प्रत्याशी ईश्वर साहू के सामने कांग्रेस प्रत्याशी रविंद्र चौबे
नवागढ़ से बीजेपी प्रत्याशी दयाल दास बघेल के सामने कांग्रेस प्रत्याशी गुरु रुद्र कुमार
महासमुंद से भाजपा प्रत्याशी योगेश्वर राजू सिन्हा के सामने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रश्मि चंद्राकर
सरायपाली से भाजपा प्रत्याशी सरला कोसरिया के सामने कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद
बसना से संपत अग्रवाल भाजपा प्रत्याशी के सामने कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र बहादुर सिंह
खल्लारी से भाजपा प्रत्याशी अलका चंद्राकर के सामने कांग्रेस पर का प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव
धमतरी से बीजेपी प्रत्याशी रंजन दीपेंद्र साहू के सामने कांग्रेस प्रत्याशी ओंकार साहू
सिहावा से भाजपा प्रत्याशी श्रवण मरकाम के सामने कांग्रेस प्रत्याशी अंबिका मरकाम
कुरूद से भाजपा प्रत्याशी अजय चंद्राकर के सामने कांग्रेस प्रत्याशी तारिणी चंद्राकर

दूसरे चरण में 34 हाई प्रोफाइल वीआईपी सीटें

अंबिकापुर से बीजेपी प्रत्याशी राजेश अग्रवाल के सामने कांग्रेस प्रत्याशी त्रिभुनेश्वर शरण सिंहदेव
सीतापुर से बीजेपी प्रत्याशी रामकुमार टोप्पो के सामने कांग्रेस प्रत्याशी अमरजीत भगत
कुनकुरी से विष्णुदेव साय के सामने कांग्रेस प्रत्याशी यूडी मिंज
पत्थलगांव से भाजपा प्रत्याशी गोमती साय के सामने कांग्रेस प्रत्याशी रामपुकार सिंह
रामानुजगंज से भाजपा प्रत्याशी राम विचार नेताम के सामने कांग्रेस प्रत्याशी अजय तिर्की
भरतपुर-सोनहत से भाजपा प्रत्याशी रेणुका सिंह के सामने कांग्रेस प्रत्याशी गुलाब सिंह कमरो
बिलासपुर से भाजपा प्रत्याशी अमर अग्रवाल के सामने कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश पांडे
कोटा से भाजपा प्रत्याशी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव के सामने कांग्रेस प्रत्याशी अटल श्रीवास्तव और यही से जेसीसीजे के संस्थापक अजीत जोगी की पत्नी रेणु जोगी भी चुनाव मैदान में हैं।
तखतपुर से भाजपा प्रत्याशी धर्मजीत सिंह के सामने कांग्रेस प्रत्याशी रश्मि सिंह
बिल्हा से भाजपा प्रत्याशी धरमलाल कौशिक के सामने कांग्रेस प्रत्याशी सियाराम कौशिक
मुंगेली से भाजपा प्रत्याशी पुन्नूलाल मोहले के सामने कांग्रेस प्रत्याशी संजीत बनर्जी
लोरमी से भाजपा प्रत्याशी अरुण साव के सामने कांग्रेस प्रत्याशी थानेश्वर साहू
जांजगीर चांपा से भाजपा प्रत्याशी नारायण चंदेल के सामने कांग्रेस प्रत्याशी व्यास कश्यप
सक्ति से बीजेपी प्रत्याशी खिलावन साहू के सामने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. चरणदास महंत
चंद्रपुर से भाजपा प्रत्याशी संयोगिता सिंह जूदेव के सामने कांग्रेस प्रत्याशी रामकुमार यादव
रायगढ़ से भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी के सामने कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश नायक
खरसिया से बीजेपी प्रत्याशी महेश साहू के सामने कांग्रेस प्रत्याशी उमेश पटेल
कोरबा से बीजेपी प्रत्याशी लखनलाल देवांगन के सामने कांग्रेस प्रत्याशी जयसिंह अग्रवाल
रामपुर से भाजपा प्रत्याशी ननकी रामकवंर के सामने कांग्रेस प्रत्याशी फूलसिंह रठिया
रायपुर दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के सामने कांग्रेस प्रत्याशी महंत रामसुंदर दास
रायपुर पश्चिम से भाजपा प्रत्याशी राजेश मूणत के सामने कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय
रायपुर ग्रामीण से भाजपा प्रत्याशी मोतीलाल साहू के सामने कांग्रेस प्रत्याशी पंकज शर्मा
धरसीवां से भाजपा प्रत्याशी अनुज शर्मा के सामने कांग्रेस प्रत्याशी छाया वर्मा
अभनपुर से भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू के सामने कांग्रेस प्रत्याशी धनेंद्र साहू
आरंग से बीजेपी प्रत्याशी गुरु खुशवंत सिंह के सामने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया
राजिम से भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू के सामने कांग्रेस प्रत्याशी अमितेष शुक्ला
डोंडीलोहारा से बीजेपी प्रत्याशी देवलाल हलवा ठाकुर के सामने कांग्रेस प्रत्याशी अनिला भेड़िया
दुर्ग शहर से भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र यादव के सामने कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा
दुर्ग ग्रामीण से बीजेपी प्रत्याशी ललित चंद्राकर के सामने कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू
भिलाई नगर से भाजपा प्रत्याशी से प्रेम प्रकाश पांडे के सामने कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव
पाटन से बीजेपी प्रत्याशी विजय बघेल के सामने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल और इसी सीट से जेसीसीजे प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी भी चुनानी मैदान में हैं।
साजा से बीजेपी प्रत्याशी ईश्वर साहू के सामने कांग्रेस प्रत्याशी रविंद्र चौबे
नवागढ़ से बीजेपी प्रत्याशी दयाल दास बघेल के सामने कांग्रेस प्रत्याशी गुरु रुद्र कुमार
कुरूद से भाजपा प्रत्याशी अजय चंद्राकर के सामने कांग्रेस प्रत्याशी तारिणी चंद्राकर

जिसने जीता माता-बहनों का विश्वास, उसी के सिर पर होगा सत्ता का ताज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में महिलाओं को साधने के लिए पार्टियों ने सियासी बिसात बिछा दी है। बिसात भी इस तरह की महिलाओं के लिए फायदे ही फायदे नजर आ रहे हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि जो महिलाओं का विश्वास जीतेगा, उसी के सिर पर सत्ता का ताज होगा। राज्य गठन के बाद ऐसा पहली बार हुआ है जब पार्टियों ने महिलाओं पर खासतौर पर फोकस करते हुए घोषणा-पत्र में एक नहीं बल्कि एक से ज्यादा वादों की फेहरिस्त पेश की गई है। कांग्रेस और भाजपा ने महिलाओं के ज्यादा से ज्यादा वोट हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा ने जहां महतारी वंदन योजना को अपना सबसे बड़ा फैक्टर बताया है तो वहीं कांग्रेस ने इससे मुकाबला करने गृहलक्ष्मी योजना का ऐलान कर दिया है। रसोई गैस सिलिंडर से लेकर महिलाओं के खाते में डायरेक्ट बेनिफेट सहित कई ऐसी घोषणाएं हैं, जो खासतौर पर सिर्फमहिला मतदाताओं को साधने के लिए बनाया गया है। रसोई सब्सिडी तो कांग्रेस-भाजपा दोनों पार्टियों के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल हैं। इसके अलावा कांग्रेस ने जिस तरह किसानों की कर्जमाफी की है, उसी तर्ज पर महिलाओं के लिए महिला स्व-सहायता समूहों की कर्जमाफी की घोषणा की गई है। कांग्रेस के पास यदि घोषणाओं का पिटारा है तो भाजपा भी पीछे नहीं है। भाजपा के खाते में महिला सशक्तीकरण योजना, कौशल्या समृद्धि योजना आदि शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव 2023 में शहर से लेकर गांव तक मतदाताओं के बीच कांग्रेस-भाजपा के घोषणा-पत्र की जमकर चर्चा है। चुनावी सभा से लेकर राष्ट्रीय प्रवक्ता अपने-अपने घोषणा-पत्र को सबसे ज्यादा कारगर बता रहे हैं।

प्रदेश में पहली बार महिला वोटर ज्यादा

राजनीतिक पार्टियों की एक सोच यह भी हैं कि छत्तीसगढ़ में राज्य गठन के बाद पहली बार महिला वोटरों की संख्या सबसे ज्यादा हुई है, लिहाजा उन्हें साधने के लिए इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 2 करोड़ 39 लाख तीन हजार 160 मतदाता हैं। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या एक करोड़ दो लाख 56 हजार 846 हैं। दूसरे चरण के मतदान में एक करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष मतदाता, 81 लाख 72 हजार 171 महिला मतदाता है।

भाजपा की 'सरकार' बनते ही पूरे होंगे सभी वादे : अरूण साव

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि दिसंबर का महीना छत्तीसगढ़ वासियों के लिए कई सौगातें लेकर आ रहा है भाजपा की सरकार बनते ही 3 दिसंबर को पहली कैबिनेट में 18 लाख आवास के लिए हम राशि जारी करेंगे और गरीब को आशियाना देना सुनिश्चित करेंगे। दूसरा काम करेंगे छत्तीसगढ़ के युवाओं को न्याय देंगे। पीएससी परीक्षा में छत्तीसगढ़ के युवाओं का हक मारते हुए इस कांग्रेस ने अपने चहतों को उपकृत किया है इन घोटाले की तुरंत जांच कर दोषियों को सजा देंगे। 25 दिसंबर छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता श्रधेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन, सुशासन दिवस के अवसर पर किसानों को 2 साल का बोनस देंगे। छत्तीसगढ़ के धान बेचने वाले प्रत्येक किसान को 65100 रु प्रति एकड़ एक मुश्त सीधा किसानों के खाते में डालेंगे। छत्तीसगढ़ की विवाहित महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना के तहत 1000 प्रति माह देने का संकल्प पूरा करेंगे। छत्तीसगढ़ की महिलाओं को 500 में सिलेंडर मिलने लगेगा। युवाओं को 2.5 लाख नौकरियां देने प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। नियमतीकरण एवं कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं के निपटारे लिए कमेटी का गठन कर दिया जाएगा। दिसंबर महीने में ही जनता को 10 लाख का मुफ्त इलाज मिलने लग जाएगा। और 2024 नए वर्ष में नई उमंग के साथ छत्तीसगढ़ वासी हमारे ह्रदय के मान बिंदु प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनेंगे । छत्तीसगढ़ के नागरिकों को भाजपा, रामलला दर्शन यात्रा पर ले जाएगी।

रमन ने भूपेश के वीडियो पर लिखा, आखिर सच बाहर आ गया...

रायपुर/नवप्रदेश। दूसरे चरण के चुनाव प्रचार थमने के बाद अब सोशल मीडिया पर जंग छिड़ चुकी है। कुछ इसी अंदाज में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने सीएम भूपेश बघेल पर वार करते हुए उनके एक वीडियो को पोस्ट किया है। इसमें एक युवा खुद को डिग्रीधारी बताते हुए भर्ती कराने की मांग करता सुनाई दे रहा है। इस वायरल वीडियो को डॉक्टर रमन सिंह ने एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा। कांग्रेस ने युवाओं के लिए यह ऐलान कर दिया है कि भर्ती परीक्षा का इंतजार न करें अगर गलती से कांग्रेस की सरकार आ गई तो 5 साल कोई भर्ती नहीं आने वाली है। लेकिन मेरे युवा साथियों चिंता मत करना क्योंकि कांग्रेस जावत हे और छत्तीसगढ़ में भाजपा आवत हे आप बस मन लगाकर पढ़ाई करो और कल मतदान के समय कमल का बटन दबा आना बाकी फिर मोदी की गारंटी है कि सभी रिक्त पदों पर भर्ती होकर रहेगी।

कार्यकर्ताओं से भूपेश बोले-विपक्ष के लोग भड़काने की कोशिश करेंगे, मन शांत रखना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को 70 सीटों के लिए होना है। इसी बीच सीएम भूपेश बघेल ने मतदान से एक दिन पहले कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संदेश दिया है। सीएम ने एक्स पर लिखा है कि विपक्ष के लोग कितनी भी भड़काने की कोशिश करे मन शांत रखना। दरअसल, कई जगहों से बीजेपी और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच आपसी झड़प की खबरें सामने आई हैं। ऐसे में सीएम भूपेश ने एक्स पर लिखा है कि मेरे कांग्रेस के कार्यकर्ता साथियों! विपक्ष के कार्यकर्ता अगर आपके साथ कोई भी अभद्र टिप्पणी करते हैं या आपको भड़काने की कोशिश करते हैं, तब भी मन शांत रखना। अक्सर पराजय के पूर्वानुमान के कारण ऐसी मनोदशा होती है। हमको मोहब्बत से रहना है, सबको गले लगाना है। सब अपने हैं, इनको भी हम पर ही भरोसा है। हमारी योजनाओं का लाभ इन सबको भी मिलेगा।

बुधवार रात रायपुर में खूब हंगामा हुआ है। कहीं पैसे बांटने, तो कहीं पोस्टर फाड़ने की बात को लेकर कांग्रेस और भाजपा के लोग भिड़ गए। मारपीट भी हुई। थाने में घुसकर दोनों ही दलों के लोगों ने जमकर हंगामा किया। घटना

पर राजेश मूणत ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता की हत्या करने का प्रयास किया गया। कांग्रेस ने लोकतंत्र के महापर्व की मूल भावना को नष्ट करने प्रयास में कोई कमी नहीं छोड़ी।

आपस में भिड़े थे कार्यकर्ता

बता दें कि पहला मामला रायपुर के सरस्वती नगर थाने से जुड़ा है। कोटा इलाके की बस्ती में चुनाव प्रचार थमने के बाद भी प्रचार को लेकर विवाद हुआ। नेताओं के पोस्टर फाड़े गए। इन्हीं बातों को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में मारपीट हुई। अपनी शिकायतें लेकर भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ता सरस्वती नगर थाने पहुंचे यहां भी भिड़ गए।

'विकास और मूणत' के कार्यकर्ता रात में भिड़े, देर रात चलता रहा 'थाने' में हंगामा

रायपुर/नवप्रदेश। मतदान से दो दिन पहले बुधवार रात रायपुर में खूब हंगामा हुआ। कहीं पैसे बांटने, तो कहीं पोस्टर फाड़ने की बात को लेकर कांग्रेस और भाजपा के लोग भिड़ गए मारपीट भी हुई। थाने में घुसकर दोनों ही दलों के लोगों ने जमकर हंगामा मचाया। पहला मामला रायपुर के सरस्वती नगर थाने से जुड़ा है। कोटा इलाके की बस्ती में चुनाव प्रचार थमने के बाद भी प्रचार को लेकर विवाद हुआ। नेताओं के पोस्टर फाड़े गए। इन्हीं बातों को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में मारपीट हुई। अपनी शिकायतें लेकर भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ता सरस्वती नगर थाने पहुंचे यहां भी भिड़ गए। थाने में बवाल बढ़ता देखकर आस-पास के चार थानों से थानेदार बुलाए गए। आईटीबीपी के हथियारबंद जवानों को थाने के बाहर तैनात किया गया पुलिस की मशक्कत के बावजूद कांग्रेस और बीजेपी के लोग थाने के भीतर घुस गए। रात करीब 2 बजे भाजपा के कार्यकर्ता विकास उपाध्याय के खिलाफ और कांग्रेस के कार्यकर्ता राजेश मूणत के खिलाफ थाने के भीतर नारे लगाने लगे, एक दूसरे के साथ झूमा-झटकी करने लगे। बवाल के बीच थाने में ही मौजूद आजाद चौक इलाके के सीएसपी मयंक गुर्जर टेबल पर चढ़ गए, जैसे तैसे कार्यकर्ताओं को थाने से बाहर निकला गया। दोनों पक्षों की शिकायत ली गई और कार्रवाई का भरोसा देने के बाद मामला शांत हुआ।

बीजेपी नेता ने लगाए आरोप

भाजपा नेता प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने बताया- शशांक सिंह ठाकुर भाजपा के कार्यकर्ता हैं वो घर जा रहे थे। प्रचार थमने के बाद भी कांग्रेस के लोग पोस्टर लगा रहे थे। शशांक ने मना किया कि प्रचार बंद हो चुका है तो उसे कांग्रेस के लोगों ने गालियां दी, मारपीट की। कांग्रेस के लोगों ने गुंडागर्दी की। हमने ऐसे गुंडों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

भाजपाई शराब बांट रहे थे

कांग्रेस नेता सुबोध हरितवाल ने बताया कि कांग्रेस के कार्यकर्ता भरत यादव और केके कोठारी ने देखा कि भाजपा के लोग शराब और साड़ी बांट रहे थे, विकास उपाध्याय के पोस्टर फाड़ रहे थे। विरोध किया तो भाजपा के लोगों ने मारपीट की। इस वजह से हम थाने आए और पुलिस को शिकायत दी है, कार्रवाई की मांग की है।

बस्ती में घुसकर मारपीट

दूसरा मामला रायपुर के बैरन बाजार होली क्रॉस स्कूल के पास की बस्ती से जुड़ा है। यहां कुछ लोगों के रुपए बांटने की खबर फैली। स्थिति का जायजा लेने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बस्ती के लोगों का विवाद हो गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि भाजपा के लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की है। कुछ महिलाओं ने कहा कि मारपीट करने वालों में कांग्रेस के लोग भी शामिल थे।

हादसे के वक्त गुजर रहे थे बृजमोहन

जिस वक्त हुआ विवाद हुआ मेन रोड से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन भी गुजर रहे थे। बृजमोहन की गाड़ी रोककर लोगों ने उन्हें मारपीट की जानकारी दी। कुछ देर बात सुनने के बाद बृजमोहन रवाना हो गए। स्थानीय लोग इसके बाद कोतवाली थाने पहुंचे और मारपीट करने वालों के खिलाफ शिकायत दी है। कोतवाली थाने में फिलहाल किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है बस्ती के लोगों की शिकायती आवेदन की जांच की जा रही है।

भारत ने 2019 का हिसाब किया चुकता

मुंबई। मोहम्मद शमी के जादू और उनकी अचूक सीम गेंदबाजी ने वानखेड़े स्टेडियम की बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग वाली पिच पर भारत को मुश्किल हालात से बाहर निकाला।इस तेज गेंदबाज ने 57 रन देकर 7 विकेट लिए, जिससे भारत को न्यूजीलैंड को 70 रनों से हराने और आईसीसी वनडे विश्व कप के फाइनल में प्रवेश करने में महत्वपूर्ण मदद मिली। डेरिल मिशेल की 134 रन की साहसिक पारी व्यर्थ गई। अंततः उन्होंने शमी को मिडविकेट पर ऊपर की ओर फ्लिक किया। मिशेल और कप्तान केन विलियमसन ने तीसरे विकेट के लिए 181 रन जोड़े, इससे पहले शमी ने 69 रन पर स्क्वायर लेग पर कैच आउट कर दिया। इसके बाद उन्होंने उसी बल्लेबाज को मिड-ऑन पर जसप्रीत बुमराह की गेंद पर कैच आउट कर दिया। इसके बाद शमी ने तुरंत टॉम लैथम को शून्य पर फंसाया। उन्होंने पहले सलामी बल्लेबाजों डेवोन कॉनवे और रचिन रवींद्र को उन गेंदों पर आउट किया था जो सीम से बाएं हाथ के बल्लेबाजों से दूर थीं। यह शांत पिच पर कुशल गेंदबाजी थी। चौथा विकेट गिरने के बाद ग्लेन फिलिप्स ने 33 गेंदों में 41 रन बनाए, जब तक कि इस दिन के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से थोड़ा नीचे, बुमराह ने उन्हें विडिश लॉन्ग-ऑफ पर आउट कर दिया।

फिर, बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव, जिन्होंने विषम गेंद को काफी हद तक घुमाया, को इसका इनाम मिला, जब मार्क चैपमैन ने उन्हें डीप स्क्वायर लेग पर स्लॉग स्वीप किया।

हालांकि, रवींद्र जड़ेजा एक धीमे बाएं हाथ के स्पिनर के लिए बहुत तेज गेंदबाजी करते नजर आए।इससे पहले श्रेयस अय्यर ने टीम प्रबंधन द्वारा उन पर जताए गए भरोसे का बदला चुकाया। टूर्नामेंट में नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने के लिए चुने गए, प्रतियोगिता में हर पारी के साथ उनका कद बढ़ता गया है।बुधवार को उन्होंने भारतीय बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन में 70 गेंदों पर 150 की स्ट्राइक रेट से आठ छक्कों की मदद से 105 रन बनाए। भारतीय विकेटों पर अय्यर निस्संदेह क्लास एक्ट बन गए हैं।तुलनात्मक रूप से, अनुभवी विराट कोहली का शतक एक इत्मीनान से प्रदर्शन जैसा लग रहा था। उन्होंने अंतराल के दौरान खुलासा किया कि उन्हें टीम के थिंक-टैंक द्वारा शीट एंकर के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने टिप्पणी की, मुझे इस टूर्नामेंट में एक भूमिका दी गई है और मैं गहराई तक जाने की कोशिश कर रहा हूं।फिर भी, यह कोहली के लिए एक इतिहास बनाने वाली दोपहर थी, जो शायद अब तक का सबसे महान एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाज था - और 70 और 80 के दशक के वेस्ट इंडीज के मास्टर-ब्लास्टर सर विवियन रिचर्ड्स इसे देखने के लिए दर्शकों में मौजूद थे। !कोहली का शतक उनका 50वां शतक था, इस तरह उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। अपने शतक के दौरान 80वें रन के साथ मौजूदा संस्करण में उनके रनों की संख्या ने 2003 विश्व कप में तेंदुलकर के कुल 673 रन को भी पीछे छोड़ दिया।

वर्ल्ड टूर फाइनल्स सबसे अमीर बैडमिंटन टूर्नामेंट

कुआलालंपुर। बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स दुनिया का सबसे अमीर बैडमिंटन टूर्नामेंट बना रहेगा और खेल संचालन संस्था ने बुधवार को अगले चार वर्षों में 11.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि देने का वादा किया है। हांगझोऊ ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में 13-17 दिसंबर तक खेले जाने वाले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स 2023 की पुरस्कार राशि 2.5 मिलियन डॉलर होगी, जो पिछले साल के 1.5 मिलियन डॉलर से अधिक है।बीडब्ल्यूएफ से मिली जानकारी के अनुसार, आने वाले वर्षों में पुरस्कार राशि 2026 में बढ़कर 3.5 मिलियन डॉलर हो जाएगी।2023 में वर्ल्ड टूर फ़ाइनल की पुरस्कार राशि¬ 2.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर, 2024¬ 2.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर, 2025¬ 3.0 मिलियन अमेरिकी डॉलर और 2026¬ 3.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर।बीडब्ल्यूएफ महासचिव थॉमस लुंड ने कहा, हम बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के लिए पहले से ही हमारे हस्ताक्षरित समापन समारोह के लिए अगले चार वर्षों में 11.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की पुष्टि करने में सक्षम होने से प्रसन्न हैं।यह हमारे खिलाड़ियों के प्रति समग्र रूप से अधिक प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है और एक उन्नत विश्व स्तरीय खेल उत्पाद में योगदान देता है जिसे हम चाहते हैं। हम हांगझोऊ को सीज़न के अंत के फाइनल का नया घर बनाने की संभावना से उत्साहित हैं और इसे देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते। विश्व के शीर्ष सितारे परम गौरव के लिए संघर्ष करते हैं। रेस टू फ़ाइनल रैंकिंग से शीर्ष 8 क्वालीफायर की पुष्टि चाइना मास्टर्स 2023 के समापन के बाद की जाएगी।

बाबर के इस्तीफे के बाद पाक ने किया दो नए कप्तानों का ऐलान

लाहौर। बाबर आजम ने सभी प्रारूपों से पाकिस्तान के कप्तानी पद से इस्तीफा दे दिया है। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने नए टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल कप्तान के नाम की घोषणा की है। शान मसूद को टेस्ट कप्तानी सौंपी गई है। जबकि, शाहीन शाह अफरीदी को टी20 कप्तान बनाया गया है।34 वर्षीय शान मसूद ने 30 टेस्ट मैचों में 1,597 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं।शान को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के अंत तक कप्तान नियुक्त किया गया है। शान 14 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तान टीम का नेतृत्व करेंगे।वहीं, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह टी20 प्रारूप में पाकिस्तान टीम का नेतृत्व करेंगे और 12 जनवरी से न्यूजीलैंड में शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए कमान संभालेंगे। 23 वर्षीय शाहीन ने 52 टी20 में 64 विकेट हासिल किए हैं। शाहीन ने एचबीएल पीएसएल में लाहौर कलंदर्स की कप्तानी भी की है। मिली जानकारी के अनुसार वनडे फॉर्मेट में पाकिस्तान के कप्तान की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

विश्व कप : पिच विवाद के बाद कीवि कप्तान विलियम्सन ने कहा, अच्छी पिच थी

मुंबई। पुरुष एकदिवसीय विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल के लिए इस्तेमाल की गई पिच उपलब्ध कराए जाने को लेकर पूरे दिन विवाद छाया रहा, न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन ने स्वीकार किया कि यह वास्तव में एक बहुत अच्छी सतह थी, क्योंकि ब्लैक कैप्स बुधवार को मेज़बान भारत के सामने दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे।खबरों में दावा किया गया था कि बीसीसीआई ने अपने स्पिनरों की मदद के लिए फाइनल के लिए निर्धारित नई पिच को उस पिच से बदल दिया जिस पर पहले ही दो मैच खेले जा चुके थे।अंत में, यह एक सूखी और धीमी पिच थी जिस पर तीन बल्लेबाजों - विराट कोहली (117), भारत के श्रेयस अय्यर (105) और न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल (134) ने शतक

लगाए और भारत के मोहम्मद शमी ने दावा किया सात विकेट हॉल (7-57)।विलियम्सन ने स्वीकार किया कि मैच में पहले इस्तेमाल किए जाने के बावजूद यह एक अच्छी पिच थी।उन्होंने बुधवार को मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हां, यह एक इस्तेमाल किया हुआ विकेट था, लेकिन वास्तव में एक बहुत अच्छी सतह थी, जैसा कि हमने देखा। मेरा मतलब है, उन्होंने मैच के पहले भाग में इसका भरपूर फायदा उठाया। और मुझे लगता है कि रोशनी के नीचे जाने पर स्थितियां बदल जाती हैं और चीजें, और हमने इस पूरे प्रतियोगिता में यही देखा है। यह ठीक है, आप यही उम्मीद करते हैं और उन्होंने वास्तव में अच्छा खेला।विलियम्सन ने कहा कि हालांकि सेमीफाइनल हारना निराशाजनक था, लेकिन उन्हें अपनी टीम पर गर्व है क्योंकि उसने पूरे सात सप्ताह के टूर्नामेंट में अच्छा संघर्ष किया।विलियम्सन ने कहा, तो हां, मेरा मतलब है कि इस स्तर तक पहुंचना और आगे नहीं बढ़ना निराशाजनक है, लेकिन साथ ही आप कुछ छोटे क्षणों के बजाय सात हफ्तों पर विचार करते हैं और हम एक बेहतर टीम से हार गए।

मोहम्मद हफीज पाकिस्तान क्रिकेट टीम के निदेशक बने

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान मोहम्मद हफीज को पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम का निदेशक नियुक्त किया।

मोहम्मद हफीज ने पाकिस्तान के लिए 55 टेस्ट, 218 वनडे और 119 टी20 मैच खेले हैं और 12,780 रन बनाए हैं और 253 विकेट लिए हैं। बुधवार को बाबर आजम के कप्तानी से हटने के बाद शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी को पाकिस्तान टेस्ट और टी20ई कप्तान की जिम्मेदारी दी गई है।हालांकि, पीसीबी ने अभी तक वनडे कप्तान की घोषणा नहीं की है।हफीज हाल ही में पीसीबी क्रिकेट तकनीकी समिति का हिस्सा थे। पूर्व ऑलराउंडर पाकिस्तान पुरुष टीम का हिस्सा थे, जिसने 2017 में इंग्लैंड में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।यूके में पंजीकृत एक खिलाड़ी प्रबंधन कंपनी के कथित स्वामित्व के कारण हितों के टकराव के विवाद के बीच मुख्य चयनकर्ता इंजमाम उल हक के पद से इस्तीफा देने के बाद पीसीबी ने मंगलवार को पाकिस्तान चयन समिति को बर्खास्त कर दिया था। पीसीबी ने बाबर को इस्तीफा देने के लिए कहकर ओवरहाल पूरा किया।

बिजनेस

फिर उछले सोना-चांदी के भाव

60 हजार के पार पहुंचा सोना

नईदिल्ली। सोने-चांदी की वायदा कीमतों में तेजी देखी जा रही है। आज दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव बढ़कर 60 हजार रुपये को पार कर गए हैं। चांदी के वायदा भाव भी 71 हजार रुपये के ऊपर कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने–चांदी के वायदा कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की आज शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 101 रुपये की तेजी के साथ 60,166 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 135 रुपये की तेजी के साथ 60,200 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 60,224 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 60,156 रुपये के भाव पर निचला स्तर छू लिया। मई महीने में सोने के वायदा भाव ने 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी आज तेजी के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 201 रुपये की तेजी के साथ 71,794 रुपये के भाव पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 226 रुपये की तेजी के साथ 71,819 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 71,820 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 71,721 रुपये प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया।अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी की वायदा कीमतों की शुरुआत तेजी के साथ हुई।

टाइगर 3 ने दुनियाभर में पार किया 240 करोड़ का आंकड़ा

सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म टाइगर 3 ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है।फिल्म को दिवाली (12 नवंबर) के खास मौके पर हिंदी के अलावा तमिल और तेलुगु भाषा में भी सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सलमान के अलावा कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी मुख्य भूमिका में हैं।अब सलमान ने टाइगर 3 की सफलता पर प्रतिक्रिया दी और सारा श्रेय दर्शकों को दिया।

सलमान ने बताया, मैं टाइगर 3 को मिल रहे बेशुमार प्यार के लिए दर्शकों का शुक्रिया अदा करूंगा और उन्हें ही सारा श्रेय दूंगा। दर्शकों ने फिल्म को शानदार शुरुआत दी और मुझे खुशी है कि टाइगर फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग भी सफल रहा। यह फिल्म मेरे दिल के करीब है।उन्होंने कहा, फिल्म को इस तरह का प्यार मिलता देखना वाकई खास है। उम्मीद है कि फिल्म दुनिया भर के दर्शकों का मनोरंजन करती रहेगी।

सलमान की टाइगर 3 ने अब तक सिर्फ भारत में 146 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है तो वहीं फिल्म ने दुनियाभर में 240 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।इस खबर की पुष्टि यशराज फिल्म्स की ओर से की गई है।उन्होने लिखा, उत्सवों से भरा सप्ताह। टाइगर 3 दिलों और सिनेमाघरों पर राज कर रही है। फिल्म को अपने नजदीकी बड़ी स्क्रीन पर हिंदी, तमिल और तेलुगु में देखें।

अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों से उत्साहित शेयर बाजार में तेजी

नई दिल्ली। अक्टूबर के अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़े शेयर बाजार के लिए गेमचेंजर हैं। 3.2 प्रतिशत अक्टूबर मुद्रास्फीति काफी कम है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि महीने के हिसाब से मुख्य मुद्रास्फीति में मात्र 0.2 प्रतिशत की वृद्धि बेहद सकारात्मक है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है।

इन आंकड़ों से पता चलता है कि फेड अब दरों में बढ़ोतरी नहीं करेगा और 2024 में दरों में होने वाली कटौती अब पहले भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी बाजारों में तेज सुधार का असर भारत पर भी दिखेगा। शॉर्ट कवरिंग से बाजार में तेजी बढ़ सकती है। बिकवाली के बजाय एफआईआई अब खरीददारी कर सकते हैं, नहीं तो वे दुनिया में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था में रैली से चूक जाएंगे। उन्होंने कहा, एफआईआई की बिकवाली से जो शेयर प्रभावित हो रहे थे, उनमें उछाल आएगा।भारत में सीपीआई मुद्रास्फीति में गिरावट भी एक बड़ा कारण है। सभी सेक्टर में तेजी की संभावना है। वित्तीय, ऑटोमोबाइल, रियल एस्टेट, सीमेंट और डिजिटल कंपनियां डीआईआई, एचएनआई और खुदरा निवेशकों से निवेश आकर्षित करेंगी।

अल्फाबेट ने एप्पल को सफारी राजस्व का 36 प्रतिशत किया भुगतान

वाशिंगटन। अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने पुष्टि की है कि डिफॉल्ट सर्च समझौते की शर्तों के तहत, एप्पल को गूगल सफारी सर्च इंजन राजस्व का 36 प्रतिशत भुगतान कर रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, वाशिंगटन डीसी में फोर्टनाइट डेवलपर एपिक गेम्स द्वारा गूगल के खिलाफ दायर मुकदमे में गवाही देते हुए पिचाई ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की। एपिक के एक वकील ने पिचाई से पूछा कि क्या गूगल के गवाह द्वारा प्रस्तुत विवरण सटीक हैं। पिचाई ने जवाब दिया, यह सही है।सैमसंग सौदे के बारे में पिचाई ने अदालत

से कहा कि यह सेब और संतरे की तरह है। रिपोर्ट में कहा गया है, ÷एपिक के वकील ने पिचाई से एप्पल को भुगतान की जाने वाली सटीक राशि के बारे में भी पूछा, जिस पर पिचाई ने कहा कि यह 10 बिलियन डॉलर से अधिक है। लेकिन वकील ने कहा कि यह आंकड़ा वास्तव में 18 बिलियन डॉलर है।एपिक गेम्स के अलावा, अल्फाबेट (गूगल की मूल कंपनी) कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार से संबंधित दो अलग-अलग अमेरिकी न्याय विभाग के मुकदमों का सामना कर रही है। एपिक तर्क दे रहा है कि एंड्रॉइड स्मार्टफ़ोन के लिए गूगल प्ले स्टोर पर गूगल का एकाधिकार नियंत्रण कानूनों का उल्लंघन करता है।इस बीच, गूगल ने अपने लोकप्रिय गेम फोर्टनाइट को गूगल प्ले स्टोर पर लॉन्च करने के लिए गेम डेवलपर एपिक गेम्स को 147 मिलियन डॉलर के सौदे की पेशकश की।

'लाल सलाम' का टीजर रिलीज

दिवाली के शुभ अवसर पर, लाइका प्रोडक्शंस के तहत ऐश्वर्या रजनीकांत के निर्देशन में बनी फिल्म लाल सलाम की टीम ने एक गहन और मनमोहक टीज़र का अनावरण किया। यह भारतीय तमिल भाषा का खेल नाटक, ऐश्वर्या रजनीकांत द्वारा लिखित और निर्देशित और सुबास्करन अल्लिराजाह के बैनर लाइका प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है, जिसमें विष्णु विशाल और विक्रांत मुख्य भूमिकाओं में हैं, जिसमें खुद रजनीकांत द्वारा एक उल्लेखनीय विस्तारित कैमियो है। सुपरस्टार रजनीकांत ने अपने प्रशंसकों और फिल्म प्रेमियों को रोमांचित करते हुए फिल्म के टीज़र का अनावरण करने से पहले दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। टीज़र मुंबई में होने वाली घटनाओं को स्पष्ट रूप से चित्रित करता है, जो क्रिकेट-केंद्रित सेटिंग में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच झड़पों के नतीजों पर प्रकाश डालता है। यह दो उत्साही क्रिकेट प्रेमियों की कहानी बताती है - एक हिंदू, दूसरा मुस्लिम - जो अपनी धार्मिक असमानताओं से प्रेरित होकर क्रिकेट के मैदान पर दुश्मनी और ईर्ष्या को बढ़ावा देते हैं। कहानी का सार रजनीकांत द्वारा चित्रित मोइनुद्दीन भाई और बढ़ते तनाव को हल करने की उनकी खोज के इर्द-गिर्द घूमती है।

अक्टूबर में निर्यात 6 फीसदी बढ़ा, आयात में भी बढ़ोतरी

नई दिल्ली। भारत से विदेशी बाजारों में वाणिज्यिक माल बेचने के कारोबार में सुधार के प्रारंभिक संकेत दिखाते हुए देश का वाणिज्यक निर्यात अक्टूबर 2023 में पिछले वर्ष के इसी माह की तुलना में 6.21 प्रतिशत बढ़कर 33.57 अरब डॉलर रहा। अक्टूबर 2022 में यह 31.60 अरब डॉलर था। इस बार अक्टूबर में आयात भी पिछले वर्ष के इसी माह के 57.91 अरब डॉलर के मुकाबले 65.03 अरब डॉलर रहा, जो 12.30 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अक्टूबर 2023 में वाणिज्यक वस्तुओं के आयात निर्यात में व्यापार घाटा (निर्यात की तुलना में आयात की अधिकता) 31.46 अरब डॉलर रहा।वाणिज्य सचिव सुनील बरथवाल ने अक्टूबर के निर्यात के आंकड़ों पर टिप्पणी की कि 'यह निर्यात कारोबार में सुधार के अंकुर दिख रहे हैं।' वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार इस बार अक्टूबर महीने में 30 प्रमुख क्षेत्रों में से 22 के माल का निर्यात सालाना आधार पर सुधरा है।वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा, अप्रैल-अक्टूबर 2023 की अवधि में वाणिज्यक वस्तुओं का निर्यात 244.89 अरब डॉलर था, जबकि

अप्रैल-अक्टूबर 2022 के दौरान यह 263.33 अरब डॉलर था।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-अक्टूबर 2023 की अवधि में वाणिज्यक वस्तुओं का आयात 391.96 अरब डॉलर था, जबकि अप्रैल-अक्टूबर 2022 के दौरान यह 430.47 अरब डॉलर था।अप्रैल-अक्टूबर 2023 में व्यापार घाटा एक साल पहले की तुलना में सीमित हो कर 147.07 अरब डॉलर रहने का अनुमान है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 167.14 अरब डॉलर था।विज्ञप्ति में कहा, अप्रैल-अक्टूबर 2023 के दौरान गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न एवं आभूषण निर्यात 178.42 अरब डॉलर था, जबकि अप्रैल-अक्टूबर 2022 में यह 182.24 अरब डॉलर था। अप्रैल-अक्टूबर 2023 में गैर-पेट्रोलियम, गैर-रत्न और आभूषण (सोना, चांदी और कीमती धातु) आयात 246.50 अरब डॉलर था, जबकि अप्रैल-अक्टूबर 2022 में यह 260.01 अरब डॉलर था। अक्टूबर 2023 में भारत का कुल निर्यात (माल और सेवाएँ संयुक्त) 62.26 अरब होने का अनुमान है, जो अक्टूबर 2022 की तुलना में 9.43 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अक्टूबर 2023 में कुल आयात 79.35 अरब डालर होने का अनुमान है, जो साल-दर-साल 11.10 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

न्यूज गैलरी

चुनाव प्रशिक्षण में गैरहाजिरी पर चार को नोटिस

धमतरी/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बुधवार को मतदान दलों का तृतीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने उक्त प्रशिक्षण में अनुपस्थित 4 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनमें प्रवीणा मारूतकर, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचना कुरूद, दीनबंधु, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला भरदा कुरूद, गजेन्द्र कुमार शिक्षक, शासकीय माध्यमिक शाला धूमा कुरूद और वीरेन्द्र कुमार, प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सातबहना नगरी शामिल है।

पिकअप से टकराई पोलिंग पार्टी से भरी बस

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में पोलिंग टीम को लेकर जा रही बस हादसे का शिकार हो गई। हादसे में मतदान कर्मियों की जान बाल-बाल बच गई। जानकारी के मुताबिक, हादसा गरियाबंद जिले के बारुका गांव में हुआ है। गरियाबंद से मतदान समाग्री लेकर राजिम विधानसभा के मतदान केंद्रों के लिए दल रवाना हो रही थी। जैसे ही बस बारुका नाका के पास पहुंची तो ब्रेक फेल हो गया। जिसके कारण बस पिकअप से टकरा गई। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है। बताया गया कि बस में 36 मतदान कर्मचारी व पुलिस के जवान सवार थे। इसके साथ ही पीठासीन अधिकारी भी बस में उपस्थित थे।

नक्सलियों ने दो जगहों पर किया आइइडी ब्लास्ट

धमतरी/नवप्रदेश। नक्सलियों ने मतदान से एक दिन पहले धमतरी में दो जगहों पर आईईडी ब्लास्ट किया है। जानकारी के अनुसार, सिहावा विधानसभा क्षेत्र के नक्सल अतिसंवेदनशील ग्राम पंचायत खल्लारी-गतापार मार्ग में 16 नवम्बर को दोपहर नक्सलियों ने मतदान को प्रभावित करने के उद्देश्य से दो जगह आइइडी ब्लास्ट किया है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। नक्सल अतिसंवेदनशील गांव के मतदान केंद्र खल्लारी में 17 नवम्बर को मतदान कराने के लिए 16 नवंबर की सुबह से धमतरी स्थित पालिटेक्निक कालेज रुद्री के स्ट्रांग रूम से मतदान दल के अधिकारी कर्मचारी मतदान सामग्री लेकर रवाना हुए। मतदान दल सुरक्षित मतदान केंद्र खल्लारी तो पहुंच गए, लेकिन कुछ समय बाद नक्सलियों ने खल्लारी व गातापार मार्ग में सड़क किनारे दो जगह आइइडी ब्लास्ट की घटना को अंजाम दिया है। हालांकि इस घटना में किसी तरह की जनधन की हानि नहीं है। नक्सलियों ने मतदाताओं में दहशत फैलाने और मतदान को प्रभावित करने की उद्देश्य से इस घटना को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद मतदान केंद्र खल्लारी व गांव को फोर्स के जवानों और पुलिस ने पूरी तरह से घेर रखा है। मतदान दल सुरक्षित केंद्र में है। सुबह से यहां मतदान शुरू हो जाएगा।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के दूसरे चरण की 70 विधानसभा सीटों में आज 17 नवंबर को मतदान है। चुनई तिहार के लिए विभिन्न बूथों पर मतदान दल रवाना हुआ। फोटो : महादेव तिवारी

जिला निर्वाचन ने किए बेहतर इंतजाम

- सुरक्षा कर्मी से लेकर मतदान कर्मियों के लिए था नाश्ता व्यवस्था
- रिजर्व वाहन, मतदान दलों सहित एम्बुलेंस की भी है सुविधा

कोरिया/नवप्रदेश। राज्य में दूसरे चरण के मतदान हेतु जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में आज रामानुज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में सुबह 5 बजे से मतदान दलों की रवानगी के लिए पर्याप्त व्यवस्था जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा की गई थी।

306 मतदान दलों की रवानगी

बता दें बैकुंठपुर विधानसभा क्रमांक 03 के लिए 228 तथा भरतपुर-सोनहत (आंशिक) विधानसभा क्रमांक 01 में 78 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। आज सुबह 5 से मतदान दलों की रवानगी के लिए मिनी स्टेडियम में पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। यहाँ सुरक्षाकर्मियों सहित सभी मतदान दलों के लिए नाश्ता की व्यवस्था भी की गई थी।

वहीं रिजर्व वाहन व मतदान दलों को भी पर्याप्त सुविधा दी गई थी। आज सभी 306 मतदान केंद्रों के लिए मतदान अधिकारियों की रवानगी हो गई है।

रिजर्व वाहन की सुविधा

किसी मतदान दलों के वाहन में रास्ते में खराबी आने पर तत्काल रिजर्व में रखे वाहन को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।

स्वास्थ्य व आपात स्थिति के लिए माकूल व्यवस्था

स्वास्थ्य, सड़क दुर्घटना व आपात स्थिति को लेकर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह बेहद गम्भीर है। उन्होंने इसके लिए जिला अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर, स्टॉफ नर्स, पर्याप्त मात्रा में दवाई, जांच, उपचार व एम्बुलेंस की सुविधा मुहैया कराया है।

बीमार, बुजुर्ग, दिव्यांग के लिए उचित व्यवस्था

बैकुंठपुर व सोनहत विधानसभा के सभी मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शेड व शौचालय की व्यवस्था की गई है। साथ ही प्रत्येक मतदान केंद्रों में बुजुर्ग, बीमार, गर्भवती महिला, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था भी की गई है, वहीं मतदान केन्द्रों में रैम्प भी बनाया गया है।

भयमुक्त व शांति पूर्वक निर्वाचन के लिए पर्याप्त बल

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने बताया कि 120 से ज्यादा सीएएफ, सीआरपीएफ के 10 कंपनियों के जवान तैनात रहेंगे। कई मतदान केन्द्रों में दो या दो से अधिक सुरक्षाकर्मी होंगे। 26 मोबाइल पेट्रोलिंग पार्टी भी होंगे। श्री बंसल ने बताया कि कंट्रोल रूम बनाया गया है, वहां टीआई स्तर के अधिकारी होंगे। 80 वाहनों में 184 कोटवार सहित 1300 सुरक्षा कर्मी मतदान दिवस के लिए लगे हैं।

आपसी समन्वय के साथ करेंगे कार्य

जिला पंचायत के सीईओ डॉक्टर आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी मतदान अधिकारियों, सेक्टर प्रभारियों, नोडल अधिकारियों, सुरक्षा में लगे कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं।

व्हाट्सएप ग्रुप से समन्वय

बता दें सभी कर्मियों के मोबाइल नम्बर लेकर व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है ताकि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल समाधान हो सकें। सभी पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारियों, सुरक्षा कर्मियों व कोटवारों को निर्देश दिए हैं कि गर्म कपड़े, टार्च साथ में रखें वहीं शुगर, बीपी के मरीजो को पर्याप्त मात्रा में दवाई रखने के निर्देश भी दिए हैं।

वॉकी-टाकी सैटेलाइट फोन की व्यवस्था

कुछ ऐसे मतदान केंद्र हैं जहां मोबाइल से सम्पर्क होने में दिक्कत होती है, ऐसे मतदान केंद्रों को चिन्हित कर जिला निर्वाचन कार्यालय ने इसकी व्यवस्था भी की हैस जहाँ नेटवर्क की समस्या हो ऐसे मतदान केंद्रों के लिए वायरलैस, वॉकी-टाकी सैटेलाइट फोन की व्यवस्था भी की गई है और इंटरनेट के लिए इसकी फ्रिक्वेंसी भी बढ़ाया गया है ताकि सभी मतदान कर्मी आपसी समन्वय से निर्वाचन कार्य को कर सकें।

17 नवम्बर को सुबह 8 बजे से मतदान

बता दें बैकुंठपुर व सोनहत विधानसभा निर्वाचन में करीब दो लाख से अधिक मतदाता 17 नवम्बर को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करेंगे।

ठाकुरपुर के मतदाता नहीं दे पाएंगे वोट

सुनील पलसकर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा क्षेत्र के मतदाता अपने उम्मीदवारों को मत देने बहुत ही उत्साहित हैं पर अम्बिकापुर क्षेत्र में कुछ ऐसे क्षेत्र हैं। जिसके मतदाता अपने क्षेत्र के उम्मीदवारों को इस वर्ष भी वोट नहीं कर पाएंगे। चूंकि कुछ वर्ष पहले ही अम्बिकापुर क्षेत्र का परिसीमन किया गया है। इसमें अंबिकापुर रेलवे स्टेशन, ठाकुरपुर जैसी ग्राम पंचायतों को अम्बिकापुर विकासखण्ड में शामिल किया गया है। उनके राजस्व प्रकरणों का निराकरण भी अम्बिकापुर में होने लगा है तथापि इस क्षेत्र के मतदाताओं का नाम पुराने विधानसभा वाले क्षेत्र में ही दर्ज हैं। गौरतलब है कि पूर्व में अम्बिकापुर का क्षेत्र माखनविहार तक ही था। केन्द्रीय विद्यालय, अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन सूरजपुर जिले में शामिल था। इस स्थिति को देखते हुये सरकार ने अम्बिकापुर क्षेत्र को बढ़ाते हुए कुछ वर्ष पूर्व इसका परिसीमन

किया था इसके बाद केन्द्रीय विद्यालय, अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन को अम्बिकापुर विकासखण्ड में शामिल कर लिया। जिससे इस क्षेत्र के रहवासी अर्थात ग्राम अजिरमा, ठाकुरपुर व भगवानपुर खुर्द अम्बिकापुर में शामिल हो गए। जिससे न्यायालयीन प्रकरण व जमीन संबंधी कार्य अम्बिकापुर मुख्यालय में होने लगे। दिलचस्प तथ्य यह कि अजिरमा, ठाकुरपुर व भगवानपुर खुर्द जल्द ही अम्बिकापुर नगरनिगम में शामिल हो जाएगा। हाल ही में नगरनिगम अम्बिकापुर ने इस प्रस्ताव को छत्तीसगढ़ सरकार के समक्ष रखा है। संभवतः इस क्षेत्र के लोग अपने लिए नगरनिगम, अम्बिकापुर हेतु पार्षद तो तय करेंगे ही लेकिन विधानसभा अम्बिकापुर क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए मतदान नहीं कर पाएंगे। क्योंकि इस क्षेत्र के मतदाताओं का नाम अभी भी भटगांव विधानसभा क्षेत्र में आता है।

यह ग्राम पंचायतें अब नगर निगम अम्बिकापुर में होंगी शामिल

शहर में अभी 48 वार्ड है रामानुजगंज रोड में सोनपुर, रनपुर खुर्द प्रतापपुर पुर रोड में सरगंवा, महामाया मंदिर इलाके से लगे श्रीगढ़ मलगवां खुर्द, बधियाचूंआ मनेन्द्रगढ़ रोड में रेल्वेस्टेषन इलाके के अजिरमा, ठाकुरपुर, भगवानपुर खुर्द बनारस रोड में डिगमा बिलासपुर रोड से लगे साड़बार, हर्राटिकरा, केषवपुर, जगदीषपुर, गंगापुर खुर्द जैसे गांवों को नगर निगम में शामिल करने का प्रस्ताव है।

2018 में 81 फीसदी मतदाताओं ने किया था मतदान

कोरिया/नवप्रदेश। बैकुंठपुर विधानसभा निर्वाचन क्रमांक 03 में वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव में 81.22 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में बैकुंठपुर विधानसभा में पुरुष मतदाताओं की संख्या 80 हजार 559, महिला मतदाताओं की संख्या 79 हजार दो, थर्ड जेंडर तीन, सर्विसेस 92 इस तरह 1 लाख 59 हजार 656 मतदाता थे। जबकि 20 नवम्बर 2018 को हुए विधानसभा चुनाव में 65 हजार 349 पुरुष मतदाता, 63 हजार 347 महिला मतदाता और पोस्टल बैलेट से 975 मतदाताओं ने मतदान किया था, किंतु 848 मतदाताओं का मतदान सही पाया गया था। ईवीएम से 1 लाख 28 हजार 696 मतदाताओं ने मतदान किया था, जिसमें से 1 लाख 26 हजार 71 मतदाताओं का मत सही पाया गया था। इसी तरह 2 हजार 625 मतदाताओं ने ईवीएम और पोस्टल बैलेट में 127 मतदाताओं ने नोटा का चयन किया था।

बैकुंठपुर विधानसभा चुनाव वर्ष 2018 में कुल 12 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिसमें से एक का फार्म निरस्त हुआ था और एक ने नाम वापस लिया था। इस तरह 10 उम्मीदवार चुनाव में थे, जिसमें 8 प्रत्याशियों का जमानत जब्त हुआ था। 17 नवम्बर 2023 को होने वाले विधानसभा निर्वाचन बैकुंठपुर में पुरुष मतदाता 84 हजार 47, महिला मतदाता 84 हजार 29 और थर्ड जेंडर की मतदाता 5 मतदान करेंगे। इसी तरह सोनहत में 18 हजार 159 पुरुष मतदाता और 18 हजार 215 महिला व एक थर्ड जेंडर मतदाता मतदान करेंगे।

वर्दी में शराब और मुर्गा बांटते पकड़े गए, ग्रामीणों ने गाड़ी में की तोड़ फोड़

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के सीतापुर विधानसभा के ग्राम ढेलसरा में कुछ लोग बीती रात पुलिस की वर्दी में बंदूक लेकर शराब और मुर्गा बांटने पहुंचे। इसके बाद ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया, लेकिन वे युवक किसी तरह भागने में सफल हो गए। प्रदेश की 70 विधानसभा सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग होनी है। ग्रामीणों ने एक गाड़ी को पकड़ लिया शराब और मुर्गा बांट रहे लोग बेशक भागने में सफल हो गए, लेकिन ग्रामीण उनकी एक गाड़ी को पकड़ने में कामयाब रहे। लोगों ने गाड़ी में भारी तोड़ फोड़ की। बताया जा रहा है कि जो लोग शराब और मुर्गा बांटने आए थे, संभवतः भाजपा प्रत्याशी राम कुमार टोप्पो के लोग थे। दूसरे चरण के मतदान के लिए अब चुनाव प्रचार थम चुका है, जिसके बाद से ही अब सरगुजा के ग्रामीण क्षेत्र में आदिवासियों को शराब और मुर्गा का लालच देकर वोट खरीदने का दौर शुरू हो गया है। जब ये लोग शराब और मुर्गा बांट रहे थे, तो इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया, जिसके बाद देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। इस बीच ग्रामीणों की संख्या बढ़ने के बाद आरोपी वहां से भाग निकले, लेकिन आनन-फानन में भागने की वजह से एक गाड़ी भी मौके पर छूट गई। इस गाड़ी के साथ ग्रामीणों ने तोड़फोड़ कर दी. इस दौरान भाजपा प्रत्याशी के विरुद्ध ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी भी की। हालांकि, इस संबंध में पुलिस अधिकारियों से संपर्क करने पर उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में कांग्रेस के कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं।

तिल्दा नेवरा में पहली बार स्ट्रांग रूम

तिल्दा नेवरा/नवप्रदेश। प्रदेश के दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को होना है। इसके लिए बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र से तिल्दा नेवरा में पहली बार स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहां पर गुरुवार को मतदान दल को मतदान सामग्रियों का वितरण किया गया है। बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तिल्दा नेवरा के 110 मतदान केंद्रों के लिए पहली बार स्ट्रांग रूम बनाया गया है। सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय कला और वाणिज्य महाविद्यालय कोहका नेवरा को स्ट्रॉन्ग रूम बनाया गया है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज मतदान दल को मतदान सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है।

मतगणना 3 दिसंबर को- बता दें कि, सामग्रियां लेकर मतदान दल अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो रहे हैं। मतगणना से पहले तिल्दा नेवरा से ईवीएम मशीन को बलौदाबाजार जिला मुख्यालय ले जाया जाएगा जहां पर मतों की गणना की जाएगी।

पैसा बांटते भाजपा प्रत्याशी पकड़े गए गाड़ी और 11.5 लाख रुपए जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले की पाली तानाखार विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी रामदयाल उइके की गाड़ी से पुलिस ने 11.50 लाख रुपये बरामद किए हैं। पसान पुलिस ने सूचना मिलने के बाद गांव झुनकडीह में जा कर वाहन चेकिंग की। इसी दौरान पुलिस ने एक वाहन से 11.50 लाख रुपए जब्त किए और इसके साथ ही इस घाटना में शामिल स्कॉर्पियो को पसान थाने में खड़ा कर दिया गया है। यह मामला बुधवार रात की है। पाली तानाखार विधानसभा के मुखवा पंचायत गांव की है। बताया जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी बुधवार रात करीब 1 बजे 4 गाड़ियों में अपने समर्थकों के साथ पहुंचे थे। इस की सूचना गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम मरकाम को मिली। उन्हें खबर मिली कि बीजेपी प्रत्याशी रामदयाल यहां पैसे बांट रहे हैं। इसके बाद वो मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि यहां चार गाड़ियों में 15 से 20 लोग मौजूद थे। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना अपने साथी कार्यकर्ताओं को दी। उनके यहां पहुंचने से पहले ये लोग भागने लगे, तो इनके कार्यकर्ताओं ने ग्राम झुनकीडीह में इनकी गाड़ियों को रोड ब्लॉक कर रोका और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पसान पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध गाड़ी की तलाशी ली। इस गाड़ी में बीजेपी प्रत्याशी रामदयाल उइके बैठे हुए थे। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें से 5 लाख के दो

हाथियों का झुंड पहुंचा कोरबा मतदान कराना चुनौती

कोरबा/सूरजपुर/ नवप्रदेश। दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को है। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। वहीं हाथी प्रभावित क्षेत्रों में मतदान कराना बड़ी चुनौती है। कोरबा में मतदान से एक दिन पहले 36 हाथियों का झुंड रायगढ़ से कोरबा जा पहुंचा। हाथियों का झुंड पहुंचने की वजह से मतदान केंद्र प्रभावित हो सकते हैं। हाथियों की वजह से ग्रामीण दहशत में अपना जीवन-यापन करते हैं। वैसे तो वन विभाग की टीम गांव-गांव तक पहुंच रही है। इसके बावजूद जिले में 100 से अधिक हाथी मौजूद हैं। सूरजपुर जिले के तीनों विधानसभा में कई ऐसे पोलिंग बूथ हैं जो हाथी प्रभावित क्षेत्रों में हैं और वहां पर चुनाव कराना बड़ी चुनौती है। सूरजपुर जिले के प्रतापपुर, प्रेमनगर और भटगांव विधानसभा क्षेत्र में हाथियों की समस्या कोई आम बात नहीं है। ऐसे में यहां पर मतदान कराना बड़ी चुनौती है। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल और वन विभाग की टीम हाई अलर्ट पर हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि, हाथियों की मौजूदगी से इलाके में भय का माहौल है। शाम होते ही हाथी बाहर निकल जाते हैं।